कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 345, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 10 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जबरन धर्म परिवर्तन पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता

### कोर्ट ने कहा कि इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहिए, याचिका पर अगली सुनवाई अब 7 फरवरी को

**इस याचिका में मांग की गई थी कि धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाया जाए या फिर इस अपराध को भारतीय दंड संहिता में शामिल किया जाए**



केंद्र की तरफ से जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। वर्ना बहुत कठिन स्थिति आ जाएगी। ऐसे मामलों को रोकने के उपाय बताएं जिनमें प्रलोभन के जरिए धर्म परिवर्तन किया जा रहा है।

**-सुप्रीम कोर्ट की बेंच**

**नई दिल्ली:** जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को गंभीर बताया। कोर्ट ने कहा कि इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहिए। याचिका पर अगली सुनवाई अब 7 फरवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई की। इसमें फर्जी धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई है। यह भी कहा गया है कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है और नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर अतिक्रमण कर सकता है। उन्होंने याचिका में दावा किया, "जबरन धर्मांतरण एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है। नागरिकों को होने वाली चोट बहुत बड़ी है, क्योंकि एक भी जिला ऐसा नहीं है जो 'हुक और बदमाश' द्वारा धर्म परिवर्तन से मुक्त हो।"

**पिछली सुनवाई में क्या हुआ था:** मामले पर पिछली सुनवाई 12 दिसंबर को हुई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा था कि वो जनहित याचिका में अल्पसंख्यक धर्मों के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयानों को हटा दें। साथ ही ये सुनिश्चित करें कि ऐसी टिप्पणी रिकॉर्ड में न आए। वहीं, याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अरविंद दातार ने कोर्ट के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि अगर यह अपमानजनक टिप्पणी है, तो उन्हें हटा दिया जाएगा। पीठ ने केंद्र सरकार के हलफनामे के इंतजार करने के लिए सुनवाई 9 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी थी।

**धर्म परिवर्तन रोकने के लिए अलग से कानून बनाने की मांग की:** इस याचिका में मांग की गई थी कि धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाया जाए या फिर इस अपराध को भारतीय दंड संहिता में शामिल किया जाए। याचिका में यह भी कहा गया है कि यह मुद्दा किसी एक जगह से जुड़ा नहीं है, बल्कि पूरे देश की समस्या है जिस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**केंद्र ने बताया था- आदिवासी इलाकों में ज्यादा होते हैं ऐसे मामले:** केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के ऐसे मामले आदिवासी इलाकों में ज्यादा देखे जाते हैं। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि अगर ऐसा है तो सरकार क्या कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र से कहा कि इस मामले में क्या कदम उठाए जाने हैं, उन्हें साफ करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान के तहत धर्मांतरण कानूनी है, लेकिन जबरन धर्मांतरण कानूनी नहीं है।

**टारगेट पर बिहार की हिंदू लड़कियां, मंदिर जाने से रोकते; कहते- नमाज पढ़ो:** बिहार की हिंदू लड़कियां जिहादियों के टारगेट पर हैं। पूर्णिया के रहने वाले रहमान ने राम बनकर पहले सोशल मीडिया पर पूजा से दोस्ती की। इसके बाद प्यार का नाटक शुरू किया। धीरे-धीरे उसके करीब आया। फिर शादी का प्रस्ताव रख दिया। शादी के बाद धर्म बदलने के लिए मारपीट शुरू कर दी। कहता था मंदिर मत जाओ...नमाज पढ़ा करो।

**छात्राओं को बाहर चलने और अकेले मिलने बुलाते हैं प्रोफेसर:** इंदौर में शासकीय लॉ कॉलेज में कुछ शिक्षकों पर धार्मिक कट्टरता फैलाने और छात्राओं को बाहर चलने और अकेले में कैफे पर मिलने के लिए भी बुलाने का आरोप लगा है। इसे लेकर छात्र नेताओं ने कॉलेज में हंगामा किया। विवाद बढ़ने के बाद कॉलेज प्रशासन ने 6 शिक्षकों को 5 दिन के लिए कार्यमुक्त कर दिया। साथ ही मामले में जांच की बात भी कही है। उच्च शिक्षा विभाग की अतिरिक्त संचालक तक भी बात पहुंची है।

## किताब में हिन्दू संगठनों पर आपत्तिजनक लेख



**सबूत** के तौर पर छात्र संगठनों ने प्राचार्य के सामने वो किताब भी रखी, जिसके जरिए कॉलेज में हिंदू धर्म के खिलाफ और मुस्लिम धर्म के पक्ष में पढ़ाया जा रहा है। ये किताब कॉलेज की लाइब्रेरी में मौजूद हैं। इसका नाम 'सामूहिक हिंसा एवं दांडिक न्याय पद्धति' है। इसमें अनुच्छेद 370, आरएसएस सहित अन्य कई हिन्दू संगठनों को लेकर आपत्तिजनक लेख लिखे हैं। यह किताब लेखिका फरहत खान ने लिखी है। प्राचार्य डॉ. इनामुर्रहमान बोले लेखक और प्रकाशक इसके लिए दोषी, लाइब्रेरी में किताब कैसे आई इसकी जांच करवाएंगे। कमेटी ने लाइब्रेरी में किताब का सिलेक्शन कैसे किया, इसकी भी जांच होगी।

## राजौरी में हिंदुओं की हत्या के बाद पुंछ में पत्थरबाजी



**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर हिंदू परिवारों को टारगेट किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुंछ जिले में देर रात कुछ घरों पर पत्थर फेंके गए। इससे स्थानीय लोग दहशत में है। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा मांगी है। लोगों को डर है कि राजौरी जैसी घटना फिर हो सकती है। पत्थर किसने फेंके, यह पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बता दें कि सुरक्षा बलों ने 7 जनवरी की रात पुंछ के बालाकोट सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था। ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के पास से एक-एक एके 47, एके 56 राइफल, एक चीनी पिस्तौल, दो चीनी हथगोले और दो आईडी बरामद किए थे।

**9 दिन में चौथी घटना:** 1 जनवरी को राजौरी में हुए ब्लास्ट में 4 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में दो बच्चियां थीं। 1 जनवरी को राजौरी में हुए ब्लास्ट में 4 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में दो बच्चियां थीं। नए साल के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में तीन बड़ी आतंकी वारदात हुई थीं। आतंकियों ने राजौरी जिले के डांगरी गांव में 1 जनवरी यानी रविवार की शाम फायरिंग की थी। इस हमले में 4 हिंदुओं की जान चली गई थी और 7 घायल हुए थे। लोगों ने बताया कि आतंकी हमारे घरों में आए और आधार कार्ड देखकर दनादन गोलियां बरसा दीं। उनके टारगेट पर बाहरी लोग थे

**जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ की 20 अतिरिक्त कंपनियां तैनात होंगी:** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहीं टारगेट कीलिंग को देखते हुए केंद्र सरकार ने सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की 20 अतिरिक्त कंपनियां तैनात करने का फैसला किया है। इन्हें राजौरी और पूंछ में तैनात किया जाएगा। 20 अतिरिक्त कंपनियों में 2 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल होंगे।

## पंजाब में गैंगस्टर्स ने की पुलिसकर्मी की हत्या


**फगवाड़ा:** पंजाब में देर रात जालंधर-लुधियाना के बीच फगवाड़ा शहर में गैंगस्टर्स ने एक पुलिस के कॉन्स्टेबल की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वारदात के वक्त पुलिस थाना सिटी के एसएचओ अमनदीप नाहर का गनमैन कमल बाजवा क्रेटा गाड़ी लूट कर भाग रहे गैंगस्टर्स का पीछा कर रहा था। गैंगस्टर्स ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसां दी, जिसकी वजह से कमल बाजवा की मौत हो गई।

**फिल्लौर में हुई मुठभेड़:** इस घटना के बाद फगवाड़ा पुलिस ने इसकी सूचना आगे फिल्लौर पुलिस को दी। फिल्लौर में नाका लगाकर बैठी पुलिस की गैंगस्टर्स के साथ मुठभेड़ हो गई।

## केंद्र जल्द वन रैंक-वन पेंशन का एरियर दे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने वन रैंक वन पेंशन मामले में सुनवाई की। इस दौरान केंद्र से जल्द से जल्द पेंशन का एरियर देने के लिए कहा गया। इसके लिए कोर्ट ने सरकार को 15 मार्च, 2023 तक का समय दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि पेंशनधारी किसी बात से नाखुश हैं तो बता दें।

भारतीय पूर्व सैनिक आंदोलन ने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि कंट्रोलर ऑफ डिफेंस अकाउंट्स इलाहाबाद ने लगभग 25 लाख पेंशनरों की लिस्ट बनाई है, जो रक्षा मंत्रालय के पास भेजी गई है। कोर्ट ने कहा कि 15 मार्च, 2023 तक प्रक्रिया पूरी करें और यदि कोई मुद्दा हो तो हमारे पास वापस आएं। इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा- मैं व्यक्तिगत रूप से मामले की निगरानी रख रहा हूं। अभी फाइल रक्षा मंत्रालय के फाइनेंस सेक्शन के पास है। जल्द भुगतान किया जाएगा।




**क्या है वन रैंक वन पेंशन:** वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) का मतलब समान रैंक और समान अवधि की सेवा के लिए समान पेंशन है। इसमें सेवानिवृत्ति की तारीख के कोई मायने नहीं रह जाते। यानी अगर किसी अधिकारी ने 1985 से 2000 तक 15 साल सशस्त्र बलों में सेवा दी और एक अन्य अफसर 1995 से 2010 तक सेवा में रहे, तो दोनों को समान पेंशन मिलेगी। इससे 25 लाख पूर्व सैनिकों को फायदा होगा। ओआरओपी के तहत हुए पेंशन संशोधन से 4.5 लाख से ज्यादा नए लाभार्थियों समेत 25,13,002 सशस्त्र बल पेंशनर्स/ फैमिली पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

**1 जुलाई, 2019 से लागू किया जाएगा:** जानकारी के अनुसार, एक जुलाई 2014 के बाद सेवानिवृत्त हुए सैनिकों को मिलाकर लाभार्थियों की संख्या 25 लाख पार हो चुकी है।

इससे सरकार पर 8,450 करोड़ रु. का अतिरिक्त भार पड़ेगा। संशोधन के बाद पेंशन योजना को जुलाई 2019 से जून 2022 तक का एरियर या बकाया भी दिया जाएगा। यानी कुल 23,638.07 करोड़ रुपए दिया जाएगा। एरियर का भुगतान चार छमाही किश्तों में किया जाएगा। इसका लाभ सभी डिफेंस फोर्सेस से रिटायर होने वाले और परिवार पेंशनधारकों को मिलेगा।

## लोन फ्रॉड मामले में चंदा और दीपक कोचर को जमानत



**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व उएड चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को लोन फ्रॉड मामले में राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि दोनों की गिरफ्तारी कानून के अनुसार नहीं थी। दोनों ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सीबीआई ने चंदा और दीपक दोनों को 23 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद वीडियोकॉन ग्रुप के फाउंडर वेणुगोपाल धूत को धूत को 26 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। तीनों को 10 जनवरी तक 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और पीके चव्हाण की बेंच ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी सीआरपीसी के सेक्शन 14ए के उल्लंघन में की गई है। इस सेक्शन में कहा गया है कि पुलिस अधिकारी को गिरफ्तारी से पहले एक नोटिस भेजना चाहिए। हाईकोर्ट ने एक-एक लाख रुपए की जमानत राशि पर दोनों को रिहा करने का आदेश दिया।

**अभी ज्यूडिशियल कस्टडी में थे तीनों आरोपी:** 23 दिसंबर को लोन फ्रॉड केस में चंदा और दीपक कोचर की गिराफ्तारी हुई। 24 दिसंबर को स्पेशल कोर्ट ने दोनों को 26 तारीख तक सीबीआई कस्टडी में भेजा।

26 दिंसबर को सीबीआई ने वीडियोकॉन फाउंडर वेणुगोपाल धूत को अरेस्ट किया।

## इंडिगो फ्लाइट में 3 शराबी पैसेंजर्स ने कैप्टन को पीटा




**पटना:** दिल्ली-पटना इंडिगो फ्लाइट में रविवार को तीन युवकों ने जमकर हंगामा किया। तीनों ड्रिंक किए हुए थे। इस दौरान एयर होस्टेस ने इन्हें समझाने की कोशिश तो उलझ गए। एयर होस्टेस के साथ बदसलूकी और छेड़खानी भी की। पायलट की शिकायत के अनुसार तीनों ने मारपीट भी की। उधर, पायलट ने पटना के एयरपोर्ट थाने में इसकी लिखित शिकायत की है। ये फ्लाइट 6ए-6383 रविवार रात 8.55 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**तीनों बिहार के रहने वाले, दूसरे पैसेंजर ने भी शिकायत की:** शिकायत के मुताबिक, 'तीनों युवकों ने फ्लाइट में बैठते ही हंगामा शुरू कर दिया था। एयर होस्टेस ने शोर न करने को कहा तो बहस करने लगे।'

## 'विदेशी धरती पर भारत के 'ब्रांड एंबेसडर' हैं प्रवासी भारतीय'

**इंदौर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रवासी भारतीयों को विदेशी धरती पर भारत का राष्ट्रदूत बताया और कहा कि देश की यात्रा में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासियों ने पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री सोमवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस के 17वें संस्करण का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र अगले 25 वर्षों के अमृत काल में प्रवेश कर चुका है और हमारे प्रवासी भारतीय समुदाय को वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को और ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। मोदी ने कहा, ह्मैं प्रवासी भारतीयों को विदेशी धरती पर भारत का ब्रांड एंबेसडर मानता हूं। दोस्तों, भारत के ब्रांड एंबेसडर के रूप में आपकी भूमिकाएं विविध हैं। आप सभी मेक इन इंडिया, योग, आयुर्वेद, कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और बाजरा के ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी भारत के बारे में अधिक जानने की दुनिया की इच्छा को पूरा करेंगे।



पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत द्वारा हासिल किए गए अभूतपूर्व विकास के लिए पूरी दुनिया उत्सुकता से भारत की ओर देख रही है।

### एयरो इंडिया 2023 के लिए राजदूतों की राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस

## मेक इन इंडिया में मेक फॉर द वर्ल्ड शामिल

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली में एयरो इंडिया 2023 के लिए राजदूतों की राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया में मेक फॉर द वर्ल्ड भी शामिल है। भारत वर्ल्ड ऑर्डर में विश्वास नहीं करता है, जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। जब हम किसी देश के साथ पार्टनरशिप करते हैं तो यह समानता और आपसी सम्मान के आधार पर होता है।

उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। जी20 सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85%, वैश्विक व्यापार के 75% से ज्यादा और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास जी20 के भीतर आम सहमति बनाना है और अधिक सुरक्षित, समृद्ध, टिकाऊ और न्यायपूर्ण दुनिया के एजेंडे को आकार देना है। हम जी20 की अध्यक्षता को भारत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखते हैं। इसमें भारत के 3ऊ डेवलपमेंट, डेमोक्रेसी और डायवर्सिटी शामिल हैं।





**'मेक इन इंडिया में हमारे प्रयास अकेले भारत के लिए नहीं हैं':** राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता की पहल अपने साथी देशों के साथ साझेदारी के नए प्रतिमान की शुरूआत कर रही है। उन्होंने कहा, 'मैं इस बात को रेखांकित करना चाहता हूं कि मेक इन इंडिया में मेक फॉर द वर्ल्ड शामिल है।



## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता के सूने मकान में लाखों की चोरी

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में चोरो ने दो दिन पहले घर में ताला लगा कर कानपुर गये अधिवक्ता के मकान का ताला तोड़ लाखो की नगदी व समान समेट कर चम्पत हो गए। अधिवक्ता वापस आने पर मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की। आवास विकास कालोनी योजना 3 निवासी पवन कुमार शर्मा अधिवक्ता है। शनिवार को पवन कुमार अपने मकान में ताला लगा कर कानपुर बहन के घर गए थे। रविवार को लोटे तो घर का ताला टूटा था अंदर सारा सामान बिखरा था और अलमारी में रखा एक लाख पचास हजार रुपए, दो तोले सोने के जेवरात सहित लाखो का घरेलू सामान गायब था। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरो की तलाश कर रही है।





# संदिग्ध दशा में गायब अधेड का शव कुआं से बरामद

## तकिया में मिला खून के धब्बे, मऊआइमा के ग्राम फिरोपुर में घटी घटना

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** बीती रात अधेड अपने कमरे में सोया था । सुबह जब परिजनों ने देखा तो नहीं मिले तमाम तलाशने के बाद दोपहर में घर के निकट कुआं में काटा डाला गया तो शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर घीनपुर निवासी शिवराम पटेल 54 वर्ष पुत्र शिवबरन घर के एक कमरे में चाय, पान, नाश्ता की दुकान खोले हैं । बताया गया है कि रविवार को शाम में वह अपने कमरे में सो गए सोमवार को सुबह परिजनों ने देखा तो शिवराम का बिस्तर खाली था। चप्पल , जैकेट, मोबाइल पडा था।। तथा तकिया में खून के धब्बे थे। वह नहीं थे। इधर उधर तलाशने के बाद जब वह नहीं मिले तो दोपहर को घर से चंद्र फरलाँग दूरी पर कुआं में काटा डाला गया तो वह कांटा में फंस गए। शव बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार पुत्रों जीतलाल, अमृतलाल शादीशुदा हैं जबकि जिया लाल, नागेंद्र अविवाहित हैं। मृतक के बडे पुत्र जीतलाल ने मऊआइमा थाने में एक तहरीर दी कि उसके पिता से किसी से कोई दुशमनी नहीं थी। उनकी मौत कैसे हुई । इसका पोस्टमार्टम कराया जाए। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# एडीए कॉलोनी में विवाद के बाद जमकर बमबाजी व फायरिंग

**बैडमिंटन खेलने को लेकर छात्रों के दो गुटों में रविवार शाम को हुआ था विवाद, देर रात एक पक्ष से 10 बाइकों से पहुचे एक दर्जन से अधिक युवकों ने चलाई गोली व बम दो घायल, पांच से छह लोगों को पुलिस ने पकड़ा**



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एडीए स्थित वाटर पार्क में बैडमिंटन खेलने को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद देर रात एक पक्ष से पहुंचे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने जमकर बमबाजी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच लोगों को हिरासत में लिया है। नैनी पुलिस के मुताबिक रविवार शाम अमन और सौरभ के बीच बैडमिंटन खेलने को लेकर विवाद हुआ था। सूत्रों के मुताबिक बैडमिंटन खेलने को हुए विवाद के बाद बालभारती स्कूल की गली में देर रात लगभग 10 बाइक से पहुंचे एक दर्जन से अधिक लोगों ने फायरिंग करते हुए गली में आधा दर्जन से अधिक बम चलाये। इस दौरान मौके से एक जिंदा बम भी बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच से छह लोगों को हिरासत में भी लिया है। मारपीट व बमबाजी में दो युवकों को चोटें आई है। जिसमे से एक युवक को सिर पर व एक को कान के पास चोट आई है, हालांकि नैनी पुलिस का कहना है कि युवकों को चोटें मारपीट के दौरान लगी है। मामले में यमुनानगर के एसीपी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि छात्रों के दो गुटों में विवाद हो गया था। दहशत फैलाने के लिएपटाखे जैसी चीज बजाई गई थी। पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# भैंस फंसी मालगाड़ी में दो टुकड़ों में बटी भैंस

## ट्रेन ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टला जसरा रेलवे फाटक पर घंटों लगा रहा भीषण जाम

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** जसरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक पर लाइन पार कर रही भैंस मालगाड़ी के नीचे आने से उसका शिर शरीर से अलग हो गया लेकिन धड़ मालगाड़ी की बोगी के नीचे फंस गया जो ट्रेन से घसिटता हुआदूर तक चला गया। वहीं मालगाड़ी के ड्राइवर ने यह घटना देख तत्काल गाड़ी को रोक दिया।

ट्रेन ड्राइवर द्वारा बोगी के पास पहुंचकर भैंस के फंसे हुए अंगों को घंटों मशक्कत के बाद बोगी से निकाल कर ट्रेन को धीरे-धीरे आगे ले जाया गया। वहीं मौजूद लोगों द्वारा बताया गया कि ट्रेन ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया नहीं तो ट्रेन भी पलट सकती थी। जब कि मालगाड़ी ट्रेन रेलवे फाटक पर घंटों खड़ी होने के कारण फाटक पर लंबा जाम लग गया। जाम में कई एंबुलेंस भी फंसी हुई थी। फाटक खुलने के बाद जहां फाटक पर दोनों तरफ होमगार्डों की ड्युटी लगाई गई है लेकिन इस मौके पर वहां पर कोई होमगार्ड मौजूद ना होने के कारण जाम ने विकराल रूप ले लिया। फाटक के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। घंटों मशक्कत के बाद लोगों ने जाम से निजात पाया। कटे हुएभैंस को आस पास के लोगों द्वारा रेलवे फाटक से बाहर किया गया।



### राज्य विश्वविद्यालय परिसर में कॉलेज प्रबंधकों ने दिया धरना

**नैनी।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय में 11 जनवरी से सत्र 2022 23 की सेमेस्टर की परीक्षाएं होने जा रही हैं। जिसमें हजारों परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केंद्रों के माध्यम से शामिल होंगे। सोमवार को विश्वविद्यालय से संबंधित दर्जनों कॉलेजों के प्रबंधकों ने विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही रवैया अख्तियार कर मनमाने ढंग से परीक्षा केंद्र बनाए जाने का विरोध किया और धरना दिया ।धरना देर शाम तक चलता रहा। जानकारी के अनुसार प्रबंधकों ने बताया कि परीक्षार्थियों को 15 से 20 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्रों का आवंटन किया गया है जहां क्षमता से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देने को विवश हॉग। छात्राओं को भी दूर परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए बाध्य किया जा रहा है ।जबकि नियमावली में छात्राओं के स्व केंद्र परीक्षा केंद्र की व्यवस्था है अपनी इन्हीं मांगों को लेकर दर्जनों प्रबंधक देर शाम तक विश्वविद्यालय परिसर में धरना दे रहे थे।

# विवादित भूमि पर कब्जा करने लिए दबंग भू माफियाओ ने घर में घुस कर की तोड़ फोड

**घटना सोशल मीडिया पर वायरल, थाने में दी गई तहरीर मुकदमा दर्ज, मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला अबूहलीम पटटी का है मामला**

**अखंड भारत संदेश**

मऊआइमा। मऊआइमा क्षेत्र में भू माफियाओं की बाढ आ गयी है। सोशल मीडिया पर एक घटना जमकर वायरल हो रहा है। कतिपय लोग घर में घुस कर जमीन कब्जा करने की कोशिश किए। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने काट डालने की धमकी देते हुए चले गए पुलिस पकड? की जहमत नहीं की। भुक्तभोगी ने थाने में तीन नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ तहरीर दी है ।तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला अबूहलीम पटटी निवासी शाहनवाज माजिद पुत्र माजिद अबरार का आरोप है कि उनके बडे बाप सरफराज माजिद ने उनकी जमीन जिसपर उनका हमेशा से कब्जा दखल है तथा बाउंड्री भी है। प्रतापगढ़ के नौवापर निवासी। मोहम्मद रिजवान पुत्र पुत्र मोहम्मद हनीफ के नाम जरबयाना किया है । जिसका मामला दिवानी न्यायालय में विचाराधीन है। शाहनवाज माजिद का आरोप है कि कतिपय लोग हाथों में लाठी डंडा, असलहा लेकर उनके घर में घुस कर तोड फोड मार पीट किए ।जमीन खाली करने को कहे। सूचना पर मऊआइमा पुलिस मौके पर पहुंच गयी। आरोप है कि पुलिस के सामने भी मनबढ शरारती तत्वों ने काट डालने की धमकी दिए। पुलिस पकड? की जहमत नहीं उठाई। सरफराज माजिद ने मऊआइमा थाने में तीन नामजद एक दर्जन अज्ञातों के खिलाफ तहरीर दी थी। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि उक्त घटना की तहरीर के आधार पर मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद हनीफ नौवापुर प्रतापगढ़ ,तथा इरफान ,अबू हमजा पुत्रगण जैनुद्दीन ग्राम सुलतानपुर खास के खिलाफ एंव एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोशल मीडिया एंव टिवीटर पर जम कर वीडियो वायरल हुआ। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा

### प्रधान सुरेश पांडेय ने अपने जन्म दिवस पर गरीबों को कंबल उपहार देकर मनाया अपना जन्मदिन



**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी के प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पांडे का सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय करछना के ब्लाक प्रमुख कच्छ में जन्मदिन गरीबों असहाय को कंबल वितरण कर उनका मुंह मीठा कराया अपने जन्म दिवस के अवसर पर सुरेश पांडे ने बताया कि सबसे बड़ा धर्म गरीबों की सेवा करना पुण्य का कार्य होता है इसलिए अपने जन्मदिवस पर गरीब असहाय महिलाओं पुरुषों को ठंड से बचाव के लिए उन्हें कमल का उपहार जन्म दिवस के अवसर पर दे रहा हूं इसके पूर्व में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी द्वारा सुरेश पांडे को माला पहनाकर कर मुंह मीठा कराया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मनीष शुक्ला बृजेश द्विवेदी प्रदीप मिश्रा प्रधान हथसरा शिव गणेश पटेल, प्रधान ककरम, सचिव कमल सिंह, सचिव मनीष यादव, सचिव राम सकल,अरविंद गुप्ता प्रधान संघ के महामंत्री धीतेश तिवारी, लक्ष्मी शंकर उर्फ नन्हे पांडे सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी प्रधान बीडीसी सदस्यों ने सुरेश पांडे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

### गलबली पहलवान की पुण्यतिथि पर वितरित हुआ कम्बल



**सहसों।** सर्द मौसम के कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्षेत्र के उमरीमय टटिहरा गांव में स्व दौलत यादव उर्फ गलबली पहलवान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें शत शत नमन किया गया एवं उनकी याद में एक कंबल वितरण समारोह का आयोजन कर गांव के जरूरतमंदों एवं असहायों में कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख एवं भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा व्यक्ति सामाजिक कार्यों से ही सभी के लिए प्रिय रहता है। सभी सक्षम जनो को सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोगों के लिए नेक काम करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान इंद्रपति देवी एवं संचालन प्रदीप यादव ने किया। इस अवसर पर गांव के चार दर्जन असहाय लोगों को ठंड से राहत प्रदान करने के लिए कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर मदन मोहन मिश्र, डॉ अरुण कुमार मिश्र, योगेंद्र प्रसाद मिश्रा, संतोष जायसवाल, हरीश चंद्र पटेल, विजय मिश्रा, बृजमोहन, रामअचल, रमेश कुमार, इस्लाम, जुल्फिकार आदि लोग उपस्थित रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर : 210 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**करछना।** विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत सचिवालय भडेव़रा पर मेडिकल साथी अस्पताल कुशगढ़ की ओर से सोमवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर के उनमे दवाइयां वितरित की गई। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा की अधिकांश छात्र-छात्राएं भी मौजूद रही। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस एम एस डॉ सुमन पन्त ने महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करके विभिन्न रोगों से संबंधित दवाइयां भी दी। और महिलाओं से रहन-सहन व खान-पान तथा साफ-सफाई पर विशेष रुप से ध्यान देने की बात कही । मेडिकल साथी अस्पताल कुशगढ के डां रज्जन प्रसाद तिवारी की ओर से लोगों का आधुनिक उपकरणों से स्वास्थ्य परीक्षण करके उनमें दवाइयां भी वितरित किया। और उन्होंने लोगों से ठंड से बचाव की हिदायत भी दी। एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्थानीय लोगों की खूब भीड़ रही। अन्य चिकित्सकों की ओर से भी लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें भी दवाइयां दी गई। शिविर के संयोजक रहे मेडिकल साथी अस्पताल कुशगढ के डॉ रज्जन प्रसाद तिवारी की ओर से शिविर में शिरकत किए सभी लोगों के सहित चिकित्सकों के प्रति व शिविर की सफलता के प्रति आभार जताया गया। व्यवस्थापक भडेव़रा गांव की ग्राम प्रधान अनुराधा देवी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजमणि विश्वकर्मा रहे। इस मौके पर डॉ आलोक प्रीति सालिकराम तिवारी राजेश कुमार पांडेय अंकुश कमल पांडेय विनोद कुमार बृजेश कुमार मिश्र श्री नारायण तिवारी के सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा में शामिल होंगे मनरेगा कर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** अखिल भारतीय मनरेगा महासंघ के आवाहन पर मनरेगा योजना में कार्यरत विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों ने दिल्ली तक पदयात्रा की योजना बना ली है। फूलपुर विकास खण्ड में सोमवार मनरेगा कर्मियों को सम्बोधित करते हुए ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने बताया कि मनरेगा संवर्ग के नियमितीकरण को लेकर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 9 जनवरी को पदयात्रा प्रारम्भ हो चुकी है जो दस जनवरी को प्रयागराज के हण्डिया विकास खण्ड में रात्रि विश्राम के बाद 11 जनवरी को पदयात्रा दिल्ली के लिए कूंच करेगी। यह पदयात्रा प्रयागराज के विभिन्न ब्लाकों सैदाबाद, बहादुरपुर, सहसों, फाफामऊ, कौड़िहार होते हुए एक फरवरी को प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली पहुंचेगी। संगठन के मंडल अध्यक्ष विजय चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि पदयात्रा के दौरान ब्लाकों के मनरेगा कर्मचारी उत्साहवर्धन करते हुए पदयात्रा में शामिल हों जिससे संविदाकर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर शासन पर स्तर पर आवाज बुलंद हो सके। वहीं जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश ने पदयात्रा को सफल बनाने की अपील की। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश पटेल,ब्लाक अध्यक्ष नूरूद्दीन हाशमी,अजय कुमार गुप्ता, प्रवीण सिंह, विष्णु स्वर्णकार,पंकज पटेल, राजीव यादव, विरेन्द्र गौतम, अनवर हुसैन, संतलाल गुप्ता, मीरा मौर्य, रेनू पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में मनरेगा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेजा ऊर्जा निगम : बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन सत्र का उद्घाटन

# सशक्तीकरण अभियान से बालिकाएं होगी आत्मा निर्भर : केदार रंजन

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** ऊर्जा निगम में को बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला ;शीतकालीन सत्रद्ध का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसमे मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदाररंजन पांडु बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुआ कार्यशाला में आसपास के गांवों के प्राथमिक विद्यालयों की लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया। सप्ताह भर चलने वाली यह कार्यशाला में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शैक्षणिक सत्रों के साथ.साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों जैसे नृत्यए संगीतए रंगमंचए योगए आत्मरक्षा आदि का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह मेंए मेजा ऊर्जा निगम द्वारा 24 मई 2022 से 20 जूनए 2022 तक आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान ;ग्रीष्मकालीन सत्रद्ध में भाग लेने वाली बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागी सुहानी सिंह ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहाए ष्ग्रीष्मकालीन कार्यशाला मेंए हमने अपने शैक्षणिक सत्रों जैसे कि गणितए अंग्रेजीए हिंदीए विज्ञानए कंप्यूटर के संबंध में बहुत कुछ सीखा। अतिरिक्त पाठ्यचर्या सत्र जैसे नृत्यए संगीत और रंगमंच आदि से भी बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं शीतकालीन सत्र के लिए बहुत उत्सचाहित हूं एवं सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रही हूं। कार्यक्रम में केदार रंजन पांडुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ;मेजा ऊर्जा निगमद्ध एवं डॉण चिन्मयी दासए अध्यक्षा ;अपराजिता महिला समाजद्ध ने सभी छात्राओं को प्रेरित किया और उन्हें शीतकालीन कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री पांडु ने कहा कि इस अभियान से बालिकाये आत्म निर्भर बनेगी।श्री गुरु प्रसाद सिंहए महाप्रबंधक मेंटेनेंस प्रदीप कुमार साबत महाप्रबंधक सी एंड एम संजय शुक्ला महाप्रबंधक मैकेनिकल इरेक्शन डॉ. संदीप कुमार गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरोग्य अस्पताल अपराजिता महिला समाज की उपाध्यक्षा रुचि कुमारए सुजाता साबतए वंदना शुक्ला महासचिव बबीता सिंह एचआर आर एंड आर के अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# लाखों खर्च के बावजूद कूड़े के ढेर में तब्दील जारी बाजार

**अखंड भारत संदेश**



**जारी।** स्वच्छता अभियान के तहत शासन प्रशासन द्वारा लाखों खर्च करने के बाद भी जारी बाजार कूड़े का ढेर बना हुआ है। पूरे बाजार में चारों तरफ कचरा ही कचरा है जिससे बाजार में बदबू सहित संक्रामक बीमारियां फैल रही है। बताते चलें कि विकासखंड जसरा के जारी बाजार 3 ग्राम सभा जारी गडैया कला और गडैया खुर्द से मिलकर बना हुआ है जहां पर करीब 13000 मतदाता और 20 हजार के करीब आबादी रहती है। यह बाजार यमुनापार में एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में अपनी पहचान रखती है। उक्त तीनों गांव सभाओं में सफाई कर्मियों की नियुक्ति स्थाई रूप से की गई है बावजूद इसके पूरे बाजार में खासतौर से रीवा राजमार्ग पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बाजार में निवास करने वाले लोगो के पास कचरा फेंकने का कोई एक निश्चित स्थान नहीं है जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के बीचो-बीच बने डिवाइडर के दोनों तरफ कचरो का ढेर लगा हुआ है। समय-समय पर व्यापारियों द्वारा ब्लॉक के अधिकारियों और एन एच आई विभाग से साफ सफाई की मांग की गई जिसके उपरांत बीते 10 दिन पूर्व विकास भवन कार्यालय से सफाई कर्मियों की एक 10 सदस्य टीम बैजनाथ भारतीय के नेतृत्व में बाजार की सफाई के लिए लगाई गई थी किंतु उक्त दसों सफाई कर्मी बाजार में आकर सेल्फी और फोटो खिंचवा कर चले गए। और बाजार की गंदगी ज्यों की त्यों रह गई। ऐसी परिस्थिति में अब बाजार वासी किस से गुहार लगाएं। और इस समय जब माघ मेले का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है तो बाहर से आने वाले श्रद्धालु जारी बाजार में कचरा को देखकर मुंह चिढाते हुए नजर आ रहे हैं। इस समस्या के बारे में क्षेत्र के व्यापारी वीरेंद्र जायसवाल ,मनोज केसरवानी, बृजेश वर्मा ,सुभाष केसरवानी ,अजय केसरवानी ,ललित आदि लोगों का कहना है कि अभी कुछ ही दिन पूर्व कूड़ा संग्रह केंद्र जिसकी लागत 42 लाख रुपए है का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख जसरा करके गए हैं इतना धन शासन का खर्च होने के बावजूद आज तक साफ सफाई नहीं हो पाई है। इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस बारे में हमको जानकारी नहीं है पता करके बताएंगे। अब ऐसी स्थिति में लोग किस से गुहार लगाएं।



# कंजासा गांव : गरीबों में वितरित किया गया कम्बल

**लालापुर।** क्षेत्र के कंजासा गांव के निवासी गांव में गरीब,असहाय मजदूरों को कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विहिप के प्रदेश महामंत्री लालमणि तिवारी, विशिष्ट अतिथि विधायक बारा डाक्टर वाचस्पति रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी ने किया ।कार्यक्रम में मिश्र बंधु ने भजन प्रस्तुत किया ।आयोजक मुकेश दिवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जय सिंह पासी, बृजेश यादव, राजकुमारी पटेल, सुरेंद्र सिंह व प्रधान शंकरलाल पांडेय, दीपेश मिश्र, राजू अमिलिया, सूर्यबली उर्फ रज्जन तिवारी, बीरेन्द्र पांडेय, दिनेश निषाद, अमर सिंह, उमेश शुक्ल, आशीष मिश्र, श्यामू निषाद, विद्याधर दिवेदी, पवन दिवेदी, सजावल दिवेदी सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है और व्यक्तिगत मुचलके व दो प्रतिभूति लेकर रिहा करने का निर्देश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने मुरादाबाद मझोला के सौरभ पाल की अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।अर्जी पर अधिवक्ता बीडी निषाद ने बहस की। इनका कहना था कि याची को झूठा फंसाया गया है। किरायेदारी के विवाद को लेकर बलात्कार के झूठे आरोप में एफ आईआर दर्ज कराई गई है। आरोपी मकान मालकिन व उसके बेटे को पुलिस ने छोड़ दिया और भतीजे याची को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। पीड़िता ने स्वयं ही पुलिस के दबाव में बयान देने की बात स्वीकार की है। वह 12अप्रैल 22 से जेल में बंद हैं। इस पर कोर्ट ने जमानत पर रिहाई का आदेश दिया है।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों के 37 बिंदुओं के प्रगति की समीक्षा

## योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कराये गये कार्यों का टीम गठित कर सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को पेंशनरों का सत्यापन कराते हुए पेंशन का भुगतान किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बनाये गये शौचालयों के निर्माण की गुणवत्ता का सत्यापन कराने तथा पात्र लाभार्थियों को शौचालय दिए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड को रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को स्मृति वाटिका में मियावाकी कराके ही और वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सोलर पम्पों के आवंटन एवं उसके सर्विश स्टेशन के संचालन के बारे में जानकारी लेते हुए और सर्विश स्टेशन बढ़ाये जाने के लिए उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने छुट्टा घूमने वाले गोवंशों को अनिवार्य रूप से गोसंरक्षण केन्द्रों में संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कितने लोगो को लाभान्वित कराया जा चुका है, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने हेल्थ एण्ड वेयरनेस सेंटर के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने अस्पतालों में दवाओं, चिकित्सकों एवं एम्बुलेंस की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निरंतर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्यों को खण्ड विकास अधिकारी से सत्यापन कराये जाने के लिए कहा है। डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजनाओं, खाद्यय सुरक्षा, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजनाओं एवं ओ0डी0ओ0पी0 में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से लक्ष्य के सापेक्ष कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, ज्वाइंट मजिस्टेªट श्री सार्थक अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डाककर्मी हड़ताल पर 2 दिन पहले महिला वकील ने डाककर्मी को मारा था थप्पड़

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सोमवार को डाकघरों में कार्य बहिष्कार है। 2 दिन पहले कचहरी डाकघर में महिला वकील ने काउंटर पर तैनात कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद हंगामा हो गया। दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज की है। डाकघर में काम करने वाले कर्मचारी का नाम सज्जन कुमार है।आक्रोशित कर्मचारी आज सुबह से ही प्रधान डाकघर में जुट गए। नारेबाजी करते हुए कार्य बहिष्कार किया गया। मुख्य गेट पर ताला बंद करते हुए प्रदर्शन किया। पिटाई करने वाले वकीलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यहां आने वाले लोग लौट जा रहे हैं। जिन्हें पासपोर्ट बनवाने के लिए आज का समय दिया गया था, वह भी लौट गए। आधार कार्ड बनाने, रजिस्ट्री, लेनदेन सभी काम बाधित हो गया है।वहीं दूसरी ओर जनपद न्यायालय के अधिवक्ता भी सोमवार को कार्य बहिष्कार पर रहे। अधिवक्ताओं का कहना है कि डाककर्मियों ने महिला अधिवक्ता के अभद्रता किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी है। जनपद न्यायालय में प्रैक्टिस कर रही वकील अंकिता शर्मा और उनके पति प्रशांत शर्मा कचहरी डाकघर में कोई कागज रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंची थीं। रजिस्ट्री काउंटर पर मौजूद डाक कर्मचारी सज्जन कुमार उपलब्ध थे। डाककर्मियों का कहना है कि महिला वकील काउंटर पर जल्दी करने की बात कह रहीं थी। वह काउंटर से सीधे अंदर पहुंच गईं और कर्मचारी सज्जन कुमार से विवाद हो गया। देखते ही देखते महिला वकील ने कर्मचारी के मुंह पर दो-तीन थप्पड़ मार दिया। वहां मौजूद स्टाफ बीच बचाव करने लगे। सुरक्षाकर्मी भी पहुंचकर उन्हें बाहर निकलने के लिए कहा तो वकील सुरक्षाकर्मी से हाथापाई करने लगे। लोग वहां वीडियो बनाते रहे। डाककर्मियों का कहना है कि महिला वकील ने कई और वकीलों को बुला लिया इसके बाद बवाल और आगे बढ़ गया। डाककर्मी माहौल खराब होते देख वहां से हट गए। वकीलों ने वहां खड़े दो पोस्टमैन को ही पीट दिया।

### बीएसए मिजार्पुर 18 जनवरी को हाईकोर्ट में किए गए तलब

**प्रयाराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याची की पूरी पत्रावली के साथ मिजार्पुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 18 जनवरी को हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने सहायक अध्यापक संध्या कुमारी की याचिका पर दिया है। याची के खिलाफ आरोप है कि उसने सहायक अध्यापक भर्ती में आवेदन नहीं दिया और फर्जी नियुक्ति प्राप्त कर ली है। इस शिकायत की जांच रिपोर्ट दो दिसंबर 2022 को पेश हुई और उसी दिन याची को सुनवाई का अवसर दिए बिना उसे बर्खास्त कर दिया गया । याची का कहना है कि उसे आरोप की सफाई का मौका मिलना चाहिए। ऐसा न करके नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लघंन किया गया है, जिसपर कोर्ट ने बीएसए मिजार्पुर को तलब किया है।

## न्यूज झरोखा

### माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों श्रद्धालुओं को राष्ट्रीय लोक अदालत की उपयोगिता व लाभ के बारे में दी गई जानकारी



**प्रयागराज।** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक दुबे द्वारा सोमवार को माघ मेला क्षेत्र परिसर में दिनांक 11.2.2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कल्प वासियों, माघ मेला क्षेत्र में आए श्रद्धालुओं के मध्य, पंडालों में, घाटों पर राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु पंपलेट वितरित कर प्रचार प्रसार किया गया तथा आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत की उपयोगिता व उससे होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। माघ मेला क्षेत्र में उपस्थित कल्प वासियों, श्रद्धालुओं व आमजन को यह बताया गया कि आप अपने जिले में लंबित वाद जो कि सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए जा सकते हैं लोक अदालत में नियत कर निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाएं। यह जानकारी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद द्वारा प्रदान की गई।

### किसान कर रहा खेतों की रखवाली, पशु फसल को कर रहे साफ



**बारा।** क्षेत्र के किसान आवारा पशुओं से काफी तंग आ चुके हैं। ये आवारा पशु रात-दिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बेचारा किसान दिन-रात जागकर खेतों की रखवाली करने में लगा रहता है, इतने पर भी थोड़ी सी चूक पर मौका मिलते ही फसलों को चर लेते हैं।किसान इतना असहाय महसूस कर रहे हैं कि उन्हें इन पशुओं से निजात नहीं मिलने वाली है। बारा विधानसभा क्षेत्र के शंकरगढ़, बारा, जसरा, कौंधियारा एवं लालापुर सहित आसपास के गाँवों के किसान आवारा पशुओं के आतंक से बेहद परेशान हैं।रातों को ये मवेशी खेतों की ओर जाकर फसलों को भारी क्षति पहुंचा देते हैं।रात के अंधेरे में किसान टॉर्च की रोशनी में मवेशियों को भगाने में लगे रहते हैं और दिन के उजाले में सड़कों पर बैठकर आने-जाने वाले वाहन चालकों को चोटहिल कर देते हैं, हादसे हो जाते हैं। जब सुबह किसान अपने खेतों में पहुंचता है तो ये आवारा पशु फसलों को चर कर वहीं बैठे रहते हैं और होशियार भी इतने हैं कि किसानों को देखते ही खेतों से निकलकर सड़कों की ओर आ जाते हैं।ये पशु भी 10-15 की झुण्ड में रहते हैं।जरा सी भी किसानों की चूक हुई कि सारी फसल को पशुओं ने साफ कर दिया। क्षेत्रवासियों ने सम्बंधित विभागाचार्यों से पशुओं को नियंत्रित करने की गुहार लगायी है।

### प्रदेश अध्यक्ष सुशील पांडेय के दादा का अस्थि विसर्जन संगम में



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पांडेय के दादा का देहांत 3 दिन पूर्व बाराबंकी के उनके पैतृक निवास पर हुआ था' उनका अस्थि कलश लेकर सोमवार को संगम में अस्थि विसर्जन उनके द्वारा किया गया । अस्थि विसर्जन करने वालों में परिवार के सदस्य के साथ साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी जिला मंत्री डॉ प्रशांत ओझा मांडलिक मंत्री अरविंद मिश्रा कोषाध्यक्ष अजय सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष इंद्रेश तिवारी सतीश तिवारी सर्वेश त्रिपाठी आदि लोग सम्मिलित हुए।

### युवक गायब, गुमशुदगी दर्ज

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के रीवा रोड मामा भांजा तालाब निवासी एक युवक बीते चार दिन से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। पत्नी की तहरीर मिलने पर पुलिस ने गुमशुदगी में दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक रीवा रोड, मामा भांजा का तालाब निवासी प्रियांशु आर्य (35) पुत्र मोतीलाल आर्य बीते चार जनवरी से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। पत्नी रेशमी देवी की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी में दर्ज खोजबीन में जुटी हुई है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि प्रियांशु आर्य कई बैंकों से लोन लिया हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है।

### 12 को होने वाली छात्रों की महापंचायत टली छात्रों ने आपात बैठक बुलाकर लिया निर्णय



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 12 जनवरी को प्रस्तावित महापंचायत भीषण ठंड के कारण टाल दी गई है। इस महापंचायत में छात्र विश्वविद्यालय में बढ़ी फीस वृद्धि, छात्र संघ बहाली, हॉस्टल की बढ़ी फीस वृद्धि, छात्रवृत्ति ना मिलना जैसे मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा करने वाले थे। यह निर्णय सभी संगठनों की आपात बैठक के बाद सर्व सम्मति से ली गई। जल्द ही छात्र नई तारीख का ऐलान करेंगे।

**नई ऊर्जा के साथ महापंचायत होगी** : छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने कहा कि दूर-दराज से जो छात्र इस छात्र महापंचायत में भाग लेना चाहते हैं, उनको इस कड़कड़ाती ठंड काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्र काफी असहज महसूस कर रहे थे जिसके चलते छात्रों ने जो आपस में बात की।छात्रों की आपात बैठक बुलाई गई थी ,और छात्रों का जो निर्णय रहा, उस निर्णय को लेकर 12 तारीख की महापंचायत को स्थगित किया गया है और जल्द ही नए तारीख का ऐलान होगा और नई ऊर्जा के साथ महापंचायत होगी और यह जो भी कार्यक्रम होगा।

**आंदोलन को आगे बनाने का करेंगे काम** : छात्र महापंचायत का ऐतिहासिक होगा। आगे कहा कि 2 तारीख को विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से खोलने का आदेश दिया था, किंतु प्रथम वर्ष के छात्रों का अभी तक इनरोलमेंट नहीं हो पाया 15 के बाद पूर्ण रूप से छात्रों के लिए विश्वविद्यालय गुलजार हो जाएगा। इस छात्र महापंचायत में भाग लेने वाले छात्रों से लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है। जो इस आंदोलन को आगे बनाने का काम करेंगे।

**ये लोग रहे मौजूद** : इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के छात्र नेता अजय सम्राट, हरेंद्र, नवनीत, गौरव, अनुराग, आनंद, मुबाशिर,मसूद, आइसा संगठन से मनीष कुमार, दिशा संगठन से अविनाश, एनएसयूआई से अजय पांडे बागी, एसएफआई संगठन से विकास स्वरूप, आईसीएम संगठन से विवेक आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्यपाल कलराज और आरिफ मोहम्मद खान ने व्यक्त की शोक संवेदना

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन के बाद उनके शोक संतृप्त परिवार को संवेदना देने के लिए सूबे के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल सोमवार की शाम लोहिया मार्ग स्थित उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने उनके पुत्र नीरज त्रिपाठी से मुलाकात कर अपनी संवेदना जताई। उधर, राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी फोन पर नीरज से बात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।दोनों राज्यपाल के अलावा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एमके नारायण ने भी केशरीनाथ के पुत्र को दोपहर में फोन किया। इस दौरान मोदी सरकार के मंत्री अश्विनी चौबे ने, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र यादव, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री रविंद्र शुक्ला, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रतन लाल हांगलू ने भी नीरज त्रिपाठी को फोन किया।नीरज ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार रात उन्हें फोन किया था। यह भी कहा कि वह प्रयागराज आने का जरूर प्रयास करेंगे। भाजपा पार्षद पवन श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व राज्यपाल के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि देने वालों में न्यायमूर्ति मंजू चौहान, पूर्व महाधिवक्ता विजय बहादुर सिंह, पूर्व सांसद शैलेंद्र आदि भी रहे। वहीं दूसरी ओर बिहार के राज्यपाल फागू चौहान के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने नीरज त्रिपाठी को पत्र भेजकर सूचित किया कि केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन के बाद रविवार को ही राज्यपाल की अध्यक्षता में शोकसभा कर दो मिनट का मौन रखा गया।केशरीनाथ त्रिपाठी के साथ विद्यार्थी जीवन से जुड़ाव रहा है।

अनेक विषयों पर जब उनकी आवश्यकता पड़ती थी तो वह उन चीजों का आसानी से समाधान करते थे। उनकी विनम्रता अद्भुत थी। एक अधिवक्ता के रूप में उनकी जो प्रसिद्धि रही, वह अद्वितीय थी। विधानसभा अध्यक्ष और इस पद का महत्व हमें तब मालूम हुआ, जब वह इस पद पर आसीन हुए। गवर्नर के रूप में भी मयार्दा, प्रतिष्ठा का निर्वाह किया। उसके लिए वह हमेशा याद किए जाएंगे। - प्रो. गिरीश त्रिपाठी, चेयरमैन उच्च शिक्षा आयोगहमारे व्यक्तिगत संबंध अच्छे थे। 1980 में मेरा पहला चुनाव था, वह पहली बार मेरे प्रतिद्वंद्वी के रूप में चुनाव लड़े थे। हमारे संबंध हमेशा मधुर रहे। इस बार भी आखिरी मुलाकात विधानसभा चुनाव के समय हुई थी। उन्होंने बेटे हर्ष को जीत का आशीर्वाद दिया था। वह प्रयागराज के राजनीति के पितामह थे।

**- अशोक वाजपेयी, पूर्व विधायक**

# बाल रंगमंच : बच्चों के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिये शक्तिशाली माध्यम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अभिव्यक्ति के लिए अभ्यास इस अभ्यास के अंतर्गत बच्चों के - ग्रुप को किसी एक विषय देकर उस पर बोलने को कहा जाता है, कुछ बच्चे बहुत तेजी से विषय पर अपनी राय देते हैं लेकिन कुछ बच्चे कुछ भी नहीं बोलते। बाद में इस ग्रुप के आधे-आधे बच्चों को दो ग्रुप में बांटकर एक विषय दिया जाता है और एक खास समयान्तराल देकर उन्हें अलग-अलग बातचीत करने को छोड़ दिया जाता है। ग्रुप बांटते समय कुछ नहीं बोलने वाले बच्चों को यह आजादी दी जाती है कि वह अपनी पसंद के ग्रुप को खुद चुनें। समयान्तराल (20-25 मिनट) में अभ्यास कराने वाले व्यक्ति इस बात पर खास तौर पर नजर रखता है कि शुरू में कुछ भी नहीं बोलने वाला बच्चा अपने साथियों से बातचीत कर रहा है कि नहीं? जब दुबारा दोनों ग्रुप के बच्चे को एक विषय देकर उस पर और प्रतिपक्ष में बोलने को कहा जाता है तो प्रत्येक बच्चे को सख्त हिदायत दी जाती है कि वे आवश्य अपनी राय दे चाहे वह एक लाइन ही बोले । इससे शुरू में कुछ भी न बोलने वाला बच्चा एक लाइन बोलता है और फिर उसका आत्मविश्वास बढ़ता जाता है और उस वाद-विवाद में उसकी भागीदारी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जाता है उक्त बातें प्रबुद्ध फाउंडेशन और राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये चलाई जा रही द्वितीय शीतकालीन प्रस्तुतिपरक बाल रंग कार्यशाला के संयोजक आईपी रामबृज ने कही। आईपी रामबृज ने आगे बताया कि सुख व दुख के पल इस अभ्यास के अंतर्गत बच्चों को छोटे-छोटे - ग्रुप में बाँट दिया जाता है और हर बच्चे को मौका दिया जाता है कि वो अपने सुख या दुख के पलों को पुनः सृजन करे अपने ग्रुप के बच्चों को लेकर इस इंप्रोवाइजेशन में अपने सुख या दुख के पल को बताने वाला बच्चा वही भूमिका (अपना दुख का रोल) ही करेगा। बाँकी बच्चों को अपनी सिचुएशन के हिसाब से भिमिकाए देगा, अर्थात घटना के समय उपस्थित प्रमुख लोगों की भूमिकाएँ फिर उन्हें बताएगा कि उन्हें कब, क्या, कहाँ, कैसे करना है। ऐसे करने से बच्चे की विज्वलाइजेशन क्षमता बढ़ती है, पुनः याद करने की क्षमता बढ़ती है, विश्लेषण करने की आदत भी पड़ती है और निर्देश देने के गुण का भी विकास होता है। आईपी रामबृज ने बताया कि एक सफ्ताह के बाद विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बाल- रंगमंच बच्चों के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम है। रंगमंच बच्चों का मुक्ति स्थल है, और यह तन और मन के लिए खेल का मैदान है। बाल रंगमंच बच्चों में छिपी शक्ति, ऊर्जा, प्रतिभा और रचनाशीलता को जानने पहचानने और प्रस्फुटित एवं उत्प्रेरित करने का जबर्दस्त साधन है। बच्चों को खेलना सबसे ज्यादा पसंद है और रंगमंच इस खेल-खेल में ही बच्चों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। रंगमंच एक ऐसा माध्यम है जहां सभी वर्गों के बच्चे मिलकर एक साथ सीखने, समझने, जानने के उद्देश्य से मजे मजे में खेलते हुए उपर्युक्त गुणों को अपने अंदर विकसित करते हैं। अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चे अपनी जिंदगी, परिवार, समाज और संसार के विषयों पर रंगमंच से जुड़े माध्यमों (अभिनय, कविता, कहानी, गीत-संगीत, क्राफ्ट, पेंटिंग और नाट्य- रचना जिसमें इतिहास, भूगोल, विज्ञान आदि सभी कुछ समाहित है।) का समूह में उपयोग करते हैं। इस क्रियाकलाप का बच्चों के अवचेतन मन पर सीधा और गहरा असर होता है जो पूरी जिंदगी उनके साथ चलता है और उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाए रखने में सहायक साबित होता है।

### रोजगार मेले में 262 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा सोमवार को आकांक्षात्मक ब्लॉक कोरांव के गोस्वामी तुलसीदास इ0का0 परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 30, डस्की स्टेलिन कन्सलटेंसी सर्विस प्रा0लि0 द्वारा 36, गोल्डेन फार्मा एग्रीकल्चर प्रा0लि0 द्वारा 28 एवं कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा 45 पीपल ट्री आनलाइन द्वारा 105 एवं जी04एस0 सिक्योर साल्यूशन इण्डिया द्वारा 18 का चयन किया गया। उक्त मेले में कुल 262 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उपरोक्त रोजगार मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्रीप्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया। उपरोक्त रोजगार मेले का उद्घाटन मा0 विधायक कोरांव, प्रयागराज श्री राजमणि जी द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने सहायोग किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशांबी

**सर्वसाधारण के सूचनार्थ :-**

स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत **स्वच्छ सर्वेक्षण 2023** हेतु प्राप्त निर्देश के क्रम में निम्नानुसार जीरो वेस्ट इवेंट के तहत सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियां सम्पन्न कराई जाएगी। यदि निर्धारित मानक / नियम के अनुकूल किसी भी व्यक्ति / संस्था द्वारा व्यवस्थायें सुनिश्चित नहीं की गयी तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध चालान / जुमार्ने की कार्यवाही करने हेतु नगर पालिका प्रशासन स्वतन्त्र होगा।

**जीरो वेस्ट विवाह समारोह, आयोजन, सामाजिक या धार्मिक गतिविधि:-** जीरो वेस्ट विवाह समारोह, आयोजन, सामाजिक या धार्मिक गतिविधि को शहर में प्रात्साहित किया जाना अनिवार्य है। भारत सरकार द्वारा जीरो वेस्ट आयोजन के लिए कुछ प्राथमिक शर्तों को जारी किया गया है, जो निम्नानुसार हैः- **प्रवेश द्वार :-** जीरो वेस्ट विवाह आधारित संदेश वाले इकोफ्रेन्डली सामग्री जैसे कपड़े जूट कागज आदि के बनाये हुए फ्लैक्श / साईनेज स्वच्छ समारोह संदेश वाले वेलकम गेट, प्रवेश द्वार पर सैनिटाईजर मशीन एवं पास में स्वच्छता मैस्कट लगा हो एवं दिव्यांग जनों के प्रवेश की विशेष व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। **रिसेप्सन एरिया :-** रजिस्टेशन स्थल पर सभी मेहमानों के द्वारा उचित भौतिक दूरी का पालन एवं पंजीकरण केवल टैबलेट या लैपटाप के माध्यम से हो, मेहमानो के नेम टैग गत्ते या कागज के बने हो । समस्त सामग्री पर आजारी का अमृत महोत्सव लोगो होना आवश्यक है। **आयोजन स्थल के अन्दर :-** प्लास्टिक के कप, बाटल या एकल उपयोग की किसी भी वस्तु का उपयोग न हो। कांच के बाटल, ग्लास या बायो डिग्रीडेबल सामग्री का उपयोग हो। वेन्यु के अन्दर कोई भी फूड या पेय के उपयोग की अनुमति न दी जाये एवं अलग अलग स्थानों पर संग्रहण के लिए सूखा एवं गीला का ध्यान रखते हुए नीला एवं हरा डस्टबिन्स लगाये जाये जिस पर हमारा कचरा हमारी जिम्मेदारी वाले संदेश अंकित हों। **भोजन एरिया :-** सिर्फ बायो डिग्रेडेबल कटलरी प्लेट का प्रयोग भोजन की बरबादी रोकने के लिए स्थानीय एजेन्सियों से सम्बन्ध एवं शेष भोजन को जरूरतमन्दों या कम्पोस्टिंग हेतु प्लांट तक पहुंचाने की व्ययवस्था। वाश बेसिन के पास जल संरक्षण की संदेश। **वॉश रूम :-** सभी लैंगिक समूहों, वर्गों के लिए शौचालय की व्यवस्था, शौचालय सीट, यूरिनल्स एवं वाश बेसिन साफ-सुथरा एवं उपयोग लायक हमेशा प्रवाहित जल की उपलब्धि, वेंटीलेशन की सुविधा एवं प्रत्येक सीट पर लाइट की सुविधा तथा निकलने वाले अपशिष्ट हेतु निपटान सुविधा होना आवश्यक है। वाश बेसिन पर धोया क्या के साईनेज एवं शौचालय के दरवाजे पर स्वरूछ मैस्कट का कट आउट, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प की सुविधा तथा महिला सेनिटरी पैड वेडिंग मशीन एवं अलग से बिन, वाश बेसिन के पास सेंसर आधारित या टच की शांप डिस्पेंशर एवं शौचालय में सेंसर आधारित या टच फ्री सेनिटाईजर मशीन होना आवश्यक है।

**अधिशासी अधिकारी/ प्रशासक**
**न0प0प0 मंझनपुर, कौशांबी।**

पत्रांक : 1052(1) न0पा0परि0 मं0/2023 दिनांक 09.01.2023

# दोपहर तक कोहरे की चपेट में रहा शहर, प्रतापगढ़ का लुढ़का तापमान 4.5 डिग्री

## लाइट जलाकर रेंगते रहे वाहन



कोहरे की धुंध में लाइट जलाकर चलते वाहन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भयंकर कोहरा व भीषण शीतलहरी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मौसम विभाग की मानें तो पष्चिमोत्तर हवाओं के चलते यह गलन बढ़ी है जिससे आज न्यूनतम 4.5 डिग्री तक लुढ़क गया। दिन भर सूर्य के दर्षन नहीं हुए।

सोमवार को प्रातः भयंकर कोहरा था। दिन में दस बजे तक वाहन लाइट जलाकर रेंगते देखे गये। कोहरा दिन में 12 बजे छटा है लेकिन धूप न निकलने और धुंध छाए रहने के साथ गलन जारी रही। कक्षा-8 तक के स्कूल कालेज 14 जनवरी तक बंद हैं, अब इंटर कालेज व कोचिंग सेंटरों को 14 जनवरी तक बंद करने की मांग उठने लगी। लोगों का कहना है कि इस बार ठंड ने रिकार्ड तोड़ा है। ठंड हर साल जनवरी में पड़ती थी लेकिन पांच डिग्री से तापमान कम कभी नहीं हुआ।

ज्यादातर लोग ठंड की चपेट में आकर जुखाम-बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। जिला अस्पताल तथा प्राइवेट अस्पतालों में जुखाम बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सकों ने भी बच्चों व बूढ़ों को ठंड से बचाव की सलाह दे रहे हैं। वैसे लोगों का अनुमान है कि मकर संक्रांति तक मौसम का यही हाल रह सकता है।

## शीतलहर में ठिठुर रहे लोग, अलाव का प्रबन्ध नाकाफी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को क्षेत्र में कडाके की शीतलहर मे लोगो को जगह जगह कपकंपाते देखा गया। इसके बावजूद भी प्रशासन के द्वारा चैक तिराहे अथवा हॉट बाजार कहीं भी अलाव के समुचित प्रबन्ध नजर नही आये। लोग गलन तथा शीतलहर के बावजूद तहसील तथा ब्लाक मुख्यालयों के साथ अस्पतालों मे भी दिनचर्या को लेकर बेबस दिखे। नगर के इंदिरा चैक पर भी अलाव का प्रबन्ध नाकाफी दिखा। तहसील मे जरूर अधिवक्ताओं के शोर शराबा होने पर नगर पंचायत के अलाव की औपचारिकता पूरी की। क्षेत्र के प्रतिष्ठित बाबा घुइसरनाथ धाम मे भी श्रद्धालु ठण्ड के चलते सिकुडते दिखे। यहीं नहीं बस अडडे तथा किसी भी सार्वजनिक स्थल पर अलाव का प्रबन्ध न होने से लोग प्रशासन को कोसते दिखे। हालांकि इस बाबत एसडीएम सौम्य मिश्र का कहना है कि अलाव के सार्वजनिक स्थलों पर प्रबन्ध किये गये हैं। अगर कहीं अलाव जलता नहीं मिला तो सम्बन्धित जिम्मेदार कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कक्षा 9 से 12 तक के सभी बोर्डों के स्कूल दो दिन रहेंगे बंदः डीएम

**अखंड भारत संदेश**



डीआईओएस को ज्ञापन देते राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जिले के सभी बोर्डों के कक्षा-9 से 12 तक के स्कूल कालेजों को 10 व 11 जनवरी के लिये अवकाष घोषित किया है। बता दें कि राजकीय षिक्षक संघ ने आज जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देकर सभी इंटर कालेजों व कोचिंग सेंटरों को 14 जनवरी तक बंद किये जाने की मांग उठाई थी। उसके बाद जिलाधिकारी ने एक आदेष पारित कर सभी बोर्डों के स्कूलों को दो दिन का अवकाष भीषण ठंड को देखते हुए घोषित किया है। ज्ञापन देने वालों में राजकीय षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नसरत अली व जिला मंत्री राजकुमार सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



जिला कौशल समिति की बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

## प्रशिक्षण प्रदाता गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराएंः जिलाधिकारी

**जिला कौशल समिति एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला कौशल समिति एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें समस्त सदस्य व प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदाताओं व पीआईए को आवंटित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण शत प्रतिशत पूर्ण नहीं किया गया है उनके विरूद्ध ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही हेतु मिशन को पत्र प्रेषित करवायें तथा समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया कि गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराया जाये एवं प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजित भी समय से किया जाये। जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक एवं जिला एमआईएस प्रबन्धक को निर्देशित किया कि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की निगरानी निरन्तर करते रहे जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम गुणवत्तापरक ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उपायुक्त उद्योग/जिला समन्वयक दिनेश कुमार चैरसिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला एमआईएस प्रबन्धक वन्दना सिंह, सहित मृत्युन्जय पाण्डेय अन्य सम्बन्धित अधिकारी व समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छ ढाबा अभियान के तहत होटल के कर्मचारियों को किया गया जागरुक




होटल के कर्मचारियों से बातचीत करते सफाई निरीक्षक एसके सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर सोमवार को मोती महल होटल में स्वच्छ ढाबा अभियान के तहत मोती महल के संचालक सचिन खंडेलवाल तथा होटल के कर्मचारियों को जागरूक किया गया। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि होटल में साफ सफाई, किचन की साफ सफाई शौचालय की साफ सफाई बेहतर होनी चाहिए जिससे स्वच्छता का संदेश लोगो में पंहुचे। स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण कुमार सिंह ने लोगो को सुखा कूड़ा नील डस्टबिन में, गीला कूड़ा हरे डस्टबिन में अलग अलग रखने और उसे डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छ भारत मिशन के डी सी आशीष मिश्रा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है, किसी भी स्थित में प्लास्टिक का उपयोग न किया जाय। इस दौरान नगर पालिका के सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राजस्व निरीक्षक लालबहादुर, राजेश बिन्द और राजेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## केशरीनाथ के निधन पर सृजना ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तरप्रदेश द्वारा सृजना कुटीर अजीतनगर में पूर्व राज्यपाल-साहित्यकार पं॰ केशरी नाथ त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें दिवंगत आत्मा को आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित साहित्यकारों वह प्रबुद्धजनों ने दिवंगत श्री त्रिपाठी के प्रेरणादायक व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा की। उनके निधन को समाज की अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, डॉ. राम बोध पाण्डेय, रोशनलाल ऊमरवैश्य, आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, राधेश्याम दीवाना, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़ सहित लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम के तबादले को लेकर पांचवे दिन भी वकीलों ने भरी हुंकार, अधिकारियों ने की जमकर हुई नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**



लालगंज तहसील मे एसडीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम के तबादले को लेकर वकीलों का सोमवार को पांचवे दिन आंदोलन जारी दिखा। तहसील परिसर में वकीलों ने घूम घूम कर एसडीएम वापस जाओ के नारे लगाए तथा एसडीएम कार्यालय के सामने आम सभा में वकीलों ने एसडीएम की कार्यप्रणाली को लेकर जमकर तंज कसे। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एसडीएम का तबादला न हुआ तो मंगलवार से तहसील मे सभी अदालतो का अधिवक्ता बहिष्कार करेंगे।

वहीं सोमवार को भी आन्दोलनरत अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोर्ट में न्यायिक कामकाज से अपने को विरत रखा। सभा का संचालन करते हुए महामंत्री शेष तिवारी ने कहा कि एसडीएम सौम्य मिश्र को लेकर जिला प्रशासन हठवादिता त्यागे और उन्हें अविलम्ब तहसील से स्थानांतरित किया जाना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि लालगंज के वकीलो का एसडीएम के खिलाफ यह मोर्चा अब पूरे जिले के अधिवक्ताओं के संघर्ष का मुददा बनेगा। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, संदीप सिंह ने कहा कि डीएम को चाहिए कि अब लालगंज एसडीएम को अधिवक्ताओं एवं तहसील क्षेत्र के लोगों की भावनाओं का सम्मान कर वापस बुला लेना चाहिए। आमसभा ने सोमवार को जूनियर बार प्रतापगढ़ के अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र तथा महामंत्री संतोष नारायण तिवारी के साथ कुण्डा तथा रानीगंज, पट्टी व सदर तहसील अध्यक्षो को भी प्रस्ताव भेजकर समर्थन की गुहार की है। इस मौके पर दिनेश मिश्र, विनय शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह, सिंटू मिश्र, धीरेन्द्र मिश्र, इरफान, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, रामअंजोर तिवारी, संजय सिंह, केबी सिंह, विनय शुक्ला, आदि अधिवक्ता रहे।



सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिक निरीक्षण में बोलते अतिथि।

## सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला का वार्षिक निरीक्षण शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला प्रतापगढ़ यू पी का वार्षिक निरीक्षण (इंस्पेक्शन) आज सायंकाल से प्रारंभ होकर 11 जनवरी मध्यान तक चलेगा। निरीक्षण के निमित्त वेदप्रकाश शुक्ल प्रधानाचार्य तुलसीपुर वाराणसी ज्योति भट्टाचार्य प्रधानाचार्या समनेघाट अकथा वाराणसी इन दोनो दिनों में आचार्यों का शिक्षण कौशल विभागीय पंजिया कार्यालय संस्कार केंद्र मातृ भारती के साथ बैठक और शिशु भारती के भैया बहिनों के साथ बैठक प्रबंध समिति के लोगो से निरीक्षण आख्या पर चर्चा आदि करके विद्यालय का संपूर्ण विवरण काशी प्रांत को प्रेषित करेंगे। यह सूचना प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने दी।

## नहीं रहे पं. श्रद्धानंद मिश्र, प्रमोद व मोना हुए दुःखी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के उमापुर वार्ड निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक पं. श्रद्धानंद के आकस्मिक निधन पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुःख जताया है। स्वर्गीय श्रद्धानंद मिश्र 80 लालगंज के मॉडल प्राथमिक स्कूल में प्रधानाध्यापक रहे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय श्रद्धानंद मिश्र ने प्राथमिक शिक्षा को आदर्श स्वरूप देने मे प्रेरणास्पद भूमिका का आजीवन निर्वहन किया। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी उनके विनम्र व्यक्तित्व एवं आदर्श शिक्षक के रूप मे दी गई सेवाओं को अतुलनीय कहा। दिवंगत श्रद्धानंद मिश्र के पुत्र शिवानंद मिश्र स्थानीय नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में शिक्षक हैं। श्रद्धानंद के निधन पर पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य आचार्य रामअवधेश मिश्र, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, साहित्यकार डा. नागेन्द्र अनुज, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, प्रधान प्रतिनिधि राममिलन वर्मा, बीडीसी दिनेशचंद्र मिश्र, डा. रामसमुझ मिश्र अकेला, अधिवक्ता प्रमोद मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता गया प्रसाद मिश्र, पं0 कमलेश मिश्र, प्रधान गिरिजाशंकर दुबे, रीना सिंह, आदि ने शोक जताया है।

## धू-धू कर जलने लगा ट्रांसफार्मर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रोड के किनारे लगा हुआ ट्रांसफार्मर शॉर्ट सर्किट की वजह से जलने लगा जिससे वहां पर मौजूद लोगों में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी मच गई लोगों ने विद्युत महकमें में फोन करके इसकी सूचना दी तो वही फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची लेकिन तब तक लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया था। पट्टी नगर उड़ैयाडीह मोड पर एक ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जगह कम होने के कारण उसे एक ट्राली में फिट किया गया है ऊपर से 11000 किलोवाट की लाइन गुजरी है ,जिससे उसे जोड़ा गया है सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से ट्रांसफार्मर में पहले तो धुंआ फिर आग की लपटें निकलने लगी। वहां के आसपास के दुकानदार देखे तो शोर मचाया तो कुछ लोगों ने विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी और फायर ब्रिगेड को फोन करके आग लगने के संबंध में जानकारी दें तब तक विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई और थोड़ी देर बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## सात दिन में प्रस्तुत करें मैनहा कलीपुर में आवास आवंटन में लिखित आपत्ति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी रानीगंज संगम लाल ने बताया है कि भूमि प्रबन्धक समिति इमलीडांड परगना पट्टी, तहसील रानीगंज द्वारा सम्मिलित ग्राम मैनहा कलीपुर में कुल 23 व्यक्तियों को आवास आवंटन हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित करते हुये, जरिये तहसीलदार रानीगंज आख्या न्यायालय को प्रेषित की गई है।

तहसीलदार रानीगंज द्वारा प्रेषित आख्या चार जनवरी 2023 के अन्तर्गत भूमि प्रबन्धक समिति इमलीडांड द्वारा प्रेषित कुल 23 व्यक्तियों के सापेक्ष कुल 16 व्यक्तियों को आवास आवंटन हेतु पट्टा किये जाने हेतु आख्या प्रस्तुत की गयी है। उन्होने बताया है कि भूमि प्रबन्धक समिति इमलीडांड परगना पट्टी तहसील रानीगंज द्वारा सम्मिलित ग्राम मैनहा कलीपुर के आवास आवंटन हेतु प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति है तो अपनी लिखित आपत्ति 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। यदि निर्धारित अवधि में यदि किसी व्यक्ति द्वारा आवास आवंटन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं दी जाती है तो भूमि प्रबन्धक समिति इमलीडांड द्वारा सम्मिलित ग्राम मैनहा कलीपुर के सम्बन्ध में आवास आवंटन हेतु प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में तहसीलदार रानीगंज द्वारा प्रेषित आख्या के दृष्टिगत निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

## उमरवैश्य महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष बनी महिमा गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**



महिमा गुप्ता का स्वागत करती महिलाएं।

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय उमरवैश्य महासभा (रजि) ने महिला विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से महिमा गुप्ता को चुना है। रविवार को छत्तीसगढ़ जगदलपुर में उमरवैश्य महासभा की चर्तुथ बैठक सम्पन्न हुई,जिसमे सर्वसम्मति से महिमा गुप्ता उमरवैश्य को राष्ट्रीय महिला संघ का अध्यक्ष बनाया गया। महिमा गुप्ता को उमर वैश्य महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। बता दें कि महिमा गुप्ता समाजवादी पार्टी के बैनर तले सक्रिय राजनीति में भागीदारी करती है। उनके इस मनोनयन से उमर वैश्य समाज, सपा संगठन एवं कार्यकताओं में प्रसन्नता है। इस संबंध में महिमा गुप्ता का कहना है कि यह सब उनके द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन एवं सेवा के कारण संभव हुआ है। इसके लिए वह समाज की शुक्रगुजार हैं। उन्होंने कहा कि वह सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए सदैव तत्पर रहेंगी।

## पट्टी के छात्र ने प्रयागराज में फांसी लगाकर दी जान, परीक्षा को लेकर रहता था गुमसुम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इंटरमीडिएट में पढ़ने वाला छात्र छत में लगे हुए हुक में गमछा लगाकर आत्महत्या कर लिया। छात्र मूल रूप से पट्टी तहसील का रहने वाला था। छात्र की मौत की सूचना पाकर परिजन प्रयागराज पहुंचे और उसके शव को देखकर रोने-बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के शेखपुर आधारगंज के रहने वाले श्याम लाल यादव का बेटा रोहित यादव पढ़ने में मेधावी छात्र था। पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी फिर भी उसके प्रतिभा को देखते हुए उसे किसी तरह प्रयागराज पढ़ने के लिए भेजा। इस समय वह इंटरमीडिएट का छात्र था तथा प्रयागराज के छोटा बघाड़ा में पूर्वांचल चैराहे के पास दरोगा लॉज में रूम पार्टनर सचिन के साथ रहता था। रोहित संगम लाल इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। रविवार की शाम को सचिन सेविंग कराने के लिए दुकान पर चला गया इसी बीच रोहित ने अपना कमरा बंद कर लिया तथा गमछे को छत की हुक से बांध कर गले में डाल कर आत्महत्या कर ली। लगभग एक घंटे बाद जब सचिन रूम पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था खटखटाने पर कोई आवाज नहीं आई। सूचना पर कई लड़कों का जमावड़ा लग गया। खिड़की से झांक कर लोगो ने देखा तो रोहित फांसी पर लटका हुआ था सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि रोहित पढ़ाई को लेकर तनाव में था रोहित ने एक सहपाठी से कहा था कि परीक्षा होने वाली है शायद वह पास नहीं हो पाएगा। सूचना पर प्रयागराज पहुंचे परिजन उसके शव को देख कर बिलखने लगे।

## समाजसेवी पं. रामआसरे शुक्ल के निधन पर जताया गया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार संजय शुक्ला के पिता राम आसरे शुक्ल 90 के निधन पर शोक श्रद्धांजलि का तांता लगा हुआ है। पं. रामआसरे के निधन पर सोमवार को शंकराचार्य ओंकारानंद सरस्वती राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, भाजपा के प्रदेश कार्यसमति सदस्य शिवप्रकाश मिश्रा सेनानी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, समाजसेवी एडवोकेट प्रथमेश प्रकाश मिश्रा, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, इंडिया न्यूज चैनल के सम्पादक उन्मुक्त मिश्रा, आपकारी विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर धीरज सिंह, वरिष्ठ सम्पादक राजेन्द्र त्रिपाठी, सम्पादक पियूस मिश्रा, सिद्धेश्वर आश्रम कालाकाकर के प्रमुख डंडी स्वामी आनंदाश्रम महाराज, लालगंज तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता राधारमण शुक्ला, बार एसोसियेशन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला, योगेन्द्र मिश्रा आदि ने पत्रकार संजय शुक्ल को फोनिक सांत्वना देते हुए उनके पिता पं. रामआसरे के निधन पर गहरा दुःख जताया है।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से पांच थाना चरवा से एक थाना पिपरी से पांच थाना कड़ाधाम से एक कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 120 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सुरज बली पुत्र राम किशोर निवासी मीरापुर तकिया थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सीडीओ ने की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

## आगामी दिनों में 150 परिषदीय विद्यालयों ऑगनबाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि ग्राम चौपाल में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सहभागिता योजना के तहत कार्ययोजना बनाकर गोवंशो के सुपुर्दगी के कार्य में और प्रगति लाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन गोपालकों द्वारा गोवंशों को आवारा छोड़ दिया जाता है, उन्हें चिन्हित कर चेतावनी जारी किया जाय। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को कार्ययोजना बनाकर आगामी दिनों में कम से कम 150 परिषदीय विद्यालयों/ऑगनबाड़ी केन्द्रों एवं वीएचएसएनडी सेशन का अधिकारियों के माध्यम से आकस्मिक निरीक्षण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत श्रमिकों के पंजीकरण में और तेजी लाने एवं विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र श्रमिकों को हितलाभ वितरण करने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को शेष रह गये विद्यालयों को सभी पैरामीटर में तेजी से संतृप्त कराने के निर्देश दियें। उन्होंने नयी सड़कों के निर्माण चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्मित सड़कों की गुणवत्ता का सत्यापन सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान जिला विकास अधिकारी को सम्बन्धित कार्मिकों के साथ बैठक कर समीक्षा करते हुए प्रगति सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निवेश मित्र पोर्टल एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि माह जनवरी के अन्तिम सप्ताह में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन किया जायेंगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, नियमित टीकाकरण, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की प्रगति, पेंशन, छात्रवृत्ति, पेयजल योजना एवं कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी



बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

### पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

#### हत्या के आभियुक्त पर 20 हजार रुपए का न्यायालय ने लगाया अर्थ दण्ड

**कौशाम्बी।** पत्नी की गला घोट कर हत्या करने के अभियुक्त को 6 वर्षों बाद अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है अभियुक्त पर न्यायालय ने 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है थाना मंझनपुर अंतर्गत 22 मार्च 2016 को आरोपी द्वारा अपनी पत्नी की गमछे से गला दबाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में वादी राजकुमार पुत्र सन्तोष कुमार निवासी भानीपुर थाना सैनी ने दिनांक 23 मार्च 2016 को थाना मंझनपुर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसके अभियुक्त कालका प्रसाद सिंह पुत्र स्व0 बाबू लाल सिंह निवासी कादिराबाद थाना मंझनपुर को न्यायालय एडीजे एफटीसी द्वितीय द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा 20 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## भीषण ठंड गलन और कोहरे के बावजूद छोटे बच्चे स्कूल जाने को मजबूर

# प्रशासन ने छुट्टी के नहीं जारी किए आदेश कपकपाती ठंड में शिक्षक भी है परेशान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हांड कंपाती ठंड, गलन और घने कोहरे के बीच छोटे छोटे स्कूली बच्चे स्कूल जाने को मजबूर है,स्कूल में ठंड को देखते हुए छुट्टी नही की गई है,जिसके चलते कंपकपाती ठंड और घने कोहरे के बावजूद स्कूली बच्चे स्कूल जाने को तैयार होकर सड़क पर खड़े है,कोहरा इतना अधिक है कि 50 मीटर तक भी कुछ नही दिख रहा है,वही विभाग के अधिकारियों ने अभी तक स्कूलों में छुट्टी का आदेश नही जारी किया है,जहा कांपते हुए बच्चे स्कूल जाने को मजबूर है हांड कपाने वाली ठंड में स्कूल के बच्चे के साथ-साथ शिक्षक भी कहां पर रहे हैं लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बन हुआ है। यूपी के लखनऊ सहित कई जनपदों में स्कूली में छुट्टी कर दी गई गई लेकिन कौशाम्बी जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी खुद तो गर्म बिस्तर और हीटर में बैठते है और मासूम छोटे बच्चो और शिक्षक को इस भीषण ठंड में स्कूल जाना पड़ रहा है।इस संबंध में जब स्कूल प्रशासन से बात की गई तो उन्होंने बताया की सरकारी स्कूलों में छुट्टी के आदेश पहले से है लेकिन प्राइवेट स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक सात जनवरी तक ही बंद करने का आदेश दिया गया था,जिसके चलते मजबूरी में स्कूल खोले गए है,उन्होंने बताया कि अभी तक न ही जिला अधिकारी का कोई आदेश आया है और न ही शिक्षा विभाग ने स्कूल बंद करने के संबंध में कोई आदेश दिया है।



हांड कपाने वाली ठंड में स्कूल में खड़े बच्चे

# महिलाओं ने नगर पंचायत कार्यालय का किया घेराव

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 6 कृष्णा नगर की दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर ईओ सुभाष चंद्र सिंह का घेराव कर अपनी समस्याओं से रूबरू कराया है इस दौरान महिलाओं और पुरुषों ने अपने वार्ड 6 में इस भीषण हाडकंपऊ शीतलहरी पर अलाव नही जलाए जाने की पुरजोर शिकायत की है महिलाओं ने कहा हम लोग गरीब हैं हम लोगों के मुहल्ले और गली चौराहों पर अलाव की व्यस्था क्यों नही की जाती जबकि वार्ड नं 6 से धुमाई साखा बरीपुर का चर्चित मुख्य मार्ग भी है जिसमे लोगों का दिन भर आवागमन बराबर बना रहता है अलाव जलाए जाने से हम गरीबों के साथ साथ नगर पंचायत अझुवा आने वाले लोगों को भी सहूलियत मिलेगी तमाम महिलाओं पुरुषों ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके वार्ड में नालियों की सफाई भी नही होती बेलगाम सफाईकर्मी मनमानी पर उतारू रहते हैं महिला गुड़िया देवी ने बताया नाली सफाई न होने के चलते पिछले वर्ष उसकी छोटी बेटी नाली में गिर गयी थी उपचार के दौरान जिसकी मौत भी हो गयी थी मौके पर मौजूद पूर्व चेयरमैन अनिल निर्मल के सामने रामराज ने आरोप लगाया इस नाली निर्माण पुनर्निर्माणके लिए निवर्तमान चेयर मैन अनिल कुमार से कहा भी किंतु चेयरमैन ने नही सुना और गुड़िया की पुत्री की असमय मौत हुई है इस दौरान मौजूद लोगों ने निवर्तमान चेयरमैन और सभासदों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि इन लोगों ने सिर्फ अपना विकास किया है वार्ड सभासद और चेयरमैन ने अपने लखपती चहेतों को आवास शौचालय सहित सरकारी लाभ प्रदान किये हैं वहीं अधिशाषी अधिकारी अझुवा सुभाष चंद्र सिंह ने सभी को आश्वस्त करते हुए बताया कि उनके कार्यकाल से पहले क्या हुआ इस पर न जाकर मौजूदा समय क्या किया जा सकता है उस पर ध्यान देने की जरूरत है किसी भी जरूरत मंद इंसान को जिस योजना का पात्र है उसे अवश्य बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा वार्ड में जो भी समस्याएं है उनका प्रथम वरीयता के तहत समाधान किया जाएगा जहां तक बात अलाव की है मौजूदा समय 18 प्वाइंट पर अलावा जलवाया जा रहा है यदि किसी नगरवासी को लगता है कुछ और जगहों पर अलाव जलवाया जाए तो उसकी व्यवस्था की जाएगी।इस मौके पर शेर सिंह यादव,रामराज भारतीय ओमप्रकाश भारतीय निशा देवी,मालती देवी,गुड़िया देवी,परमिता देवी,नीता देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद रहे।

**वार्ड की समस्या**

आक्रोशित लोगों ने गुड़िया की पुत्री की मौत का निवर्तमान चेयरमैन को ठहराया जिम्मेदार



नगर पंचायत अझुवा में वार्ता करते नगरवासी

# कालोनी की बिजली काटे जाने से नाराज महिलाओ ने पावर हाउस का किया घेराव

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर कांशीराम कालोनी की बिजली कनेक्शन काटे जाने से आक्रोशित महिलाओं ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर दिया,सैकड़ो महिलाओं ने किन्नरों के साथ पहुंच कर पावर हाउस पर जमकर हंगामा काटा और नारेबाजी की,महिलाओ के प्रदर्शन को देखकर पावर हाउस को छोड़कर जेई और कर्मचारी भाग निकले।आक्रोशित महिलाओ ने सड़क पर लेटकर सड़क को जाम कर दिया,महिलाओ के प्रदर्शन की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स पहुंच गई और महिलाओ को समझाने का प्रयास किया। कांशीराम कालोनी की बिजली का बिल बकाया होने पर कर्मचारियों ने बिजली का कनेक्शन लगभग 15 दिन पहले काट दिया था।जिसे जोड़ा नही गया था,भीषण ठंड में लोग परेशान हुए तो पावर हाउस पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित महिलाए किन्नरों के साथ पहुंची और जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया।

**आक्रोशित लोगों ने सड़क पर लेटकर किया सड़क जाम**




बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करती महिलाएं

# नलकूप की जली मोटर पानी के लिए मचा हाहाकार

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के शाहगंज स्थित पानी की टंकी की मोटर 5 दिन पहले जल गयी है जिससे पानी की सप्लाई आधे नगर क्षेत्र में बंद हो गई है पानी की सप्लाई बंद होने से नगरवासी परेशान हो गए हैं बूंद बूंद पानी के लिए नगर के लोग 5 दिन से परेशान हैं लेकिन उसके बाद भी पानी टंकी की जली मोटर को बनवा कर पानी सप्लाई शुरू करने का प्रयास नगरपालिका ने नहीं किया है जिससे नगर वासियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

नगर वासियों ने बताया कि भरवारी कस्बे के शाहगंज नया बाजार और बिंदा मील के आसपास बीते 5 दिनों से जल निगम के पानी टंकी से एक बूंद पानी की सप्लाई नहीं मिल सकी है जिससे पानी की दिक्कत खड़ी हो गई है नगर वासियों ने बताया कि घरों में जो पानी का स्टॉक था वह भी दूसरे दिन खत्म हो गया है दैनिक उपयोग के लिए पानी न मिलने से कस्बे में हाहाकार मचा है लोगों ने नगरपालिका से पानी की टंकी की मोटर बनवाने की मांग की है लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी नगर पालिका ने पानी की टंकी की जली मोटर बनवा कर पानी सप्लाई बहाल करने का प्रयास नहीं किया है नगर के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल नगर में पानी सप्लाई बहाल किए जाने की मांग की है।



पानी की टंकी

## न्यूज झरोखा

### एसपी के निर्देशन में थाना एएचटीयू की टीम द्वारा जनपद में नशा के विरूद्ध चलाया गया अभियान

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन के मंसानुरूप अपर पुलिस अधीक्षक व नोडल अधिकारी एएचटीयू के कुशल मार्गदर्शन में चलाये जा रहे बाल श्रम भिक्षावृत्ति एवं नशे की रोकथाम अभियान के क्रम में एएचटीयू टीम म0का0 ममता राय, म0का0 नेहा राजपूत, का0 संजय कांत तिवारी व का0 मो0 आमिर द्वारा जनपद के करारी व मंझनपुर क्षेत्र में पडने वाले स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में रखी दुकानों से गुटका तंबाकू सिगरेट बीड़ी पान मसाला आदि नशीले पदार्थों को हटवाया गया और दुकानदारों हिदायत दी गयी नशे से सम्बन्धित कोई भी सामग्री को नहीं बेचेंगे स्कूलों के पास नही बेचेंगे अभियान के तहत दुकानों ढाबों को चेंक किया गया और दुकानदारों कारोबारियों एवं आम जनमानस को नाबालिक बालकों से मजदूरी आदि कार्य न कराने और शिक्षा से जोड़ने सम्बन्धी दिशा निर्देश दिये गये आभियान के तहत 03 नाबालिक बच्चों को बालश्रम करते हुए पाया गया जिन्हें रेस्क्यू कर उनके अभिभावको के सुपुर्द किया गया।



### घने कोहरे के चलते रेंग रही रेलगाड़ियांजान हथेली पर रख स्कूली बच्चे और लोग पार कर रहे रेलवे क्रासिंग

**कौशाम्बी।** जिले में घने कोहरे के चलते रेलवे की पटरियों पर ट्रेनें रेग रही है,कोहरे से विजिबिल्टी अत्यधिक कम हो गई है,रेलवे क्रासिंग पर जान हथेली पर लेकर लोग और स्कूली बच्चे रेलवे क्रासिंग पार कर रहे है,सुबह रेलवे क्रासिंग और सड़को पर 50 मीटर तक भी नहीं दिखाई दे रहा है, ठंड से जनजीवन हाल बेहाल हो गया है। रेलवे क्रासिंग पर लोग अपनी जान को किस तरह जोखिम में डालकर क्रासिंग पार कर रहे है साफ देखा जा सकता है।रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या भी नही दिख रही रही है, ट्रेनें बिलकुल धीमी रफ्तार से गुजर रही है,लोग परेशानी का सामना कर अपना जीवन यापन कर रहे है। ठंड से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।



### सीओ मंझनपुर ने थाना करारी का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना करारी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया इस दौरान महिला हेल्पडेस्क कार्यालय सीसीटीएनएस कक्ष सिपाही बैरक भोजनालय बंदीगृह आदि का निरीक्षण किया गया तथा महिला उत्पीडन रजिस्टर एनसीआर रजिस्टर अपराध रजिस्टर फ्लाईशीट चिक खुराक भूमि विवाद रजिस्टर और अन्य रजिस्टरको भी चेक किया गया एवं लंबित विवेचनाओं कृत निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की गई थाना पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को शासन की मंशा के अनुरूप संवेदनशील और संवादपूर्ण पुलिसिंग के लिए ब्रीफ किया गया।

# जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान शुरू

## तीन चक्रों में चलेगा अभियान, पहला चक्र 20 तक चलेगा, नौ महीने की रंजना को लगा एमआर का पहला टीका

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** खसरा और रूबेला (एमआर) पर अगले वर्ष तक पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए सोमवार 9 जनवरी से जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया गया हैं विशेष टीकाकरण अभियान नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन चक्रों में चलेगा। इसमें पांच वर्ष तक के बच्चों को मीजल्स रूबेला (एमआर) के दो टीके लगाए जाएंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र ने दी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर से विशेष टीकाकरण कि शुरूवात कि गई हैं जिसमे नौ माह कि रंजना को एमआर का पहला टीका लगाकर कार्यक्रम शुरू किया गया उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. यश अग्रवाल ने बताया- शासन के निर्देश पर नौ से 20 जनवरी, 2023 तक विशेष टीकाकरण अभियान का प्रथम चक्र चलेगा। द्वितीय चक्र 13 से 24 फरवरी, 2023 और तृतीय चक्र 13 से 24 मार्च, 2023 तक संपन्न होगा। बच्चों को खसरा होने का खतरा ज्यादा रहता है। खसरा से बचाव के लिए मीजल्स-रूबेला (एमआर) विशेष टीकाकरण अभियान मिशन इंद्रधनुष की तर्ज पर चलेगा। पूरा डेटा ई-कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### क्या है लक्षण

**कौशाम्बी।** इसके लक्षण आमतौर पर दूसरे सप्ताह के भीतर आने शुरू हो जाते हैं। इससे पीड़ित बच्चे के सीधे संपर्क में आने से भी खसरे का संक्रमण हो सकता है। बच्चों में इसके शुरूआती लक्षण हैं बुखार का आना, सर्दी-जुकाम के साथ शरीर पर दाने या चकत्ते पड़ते हैं। अगर समय पर उपचार नहीं कराया गया तो दिमागी बुखार का भी खतरा हो सकता है, जो जानलेवा है।

### अभिभावकों से अपील- बच्चों को जरूर लगवाएं टीका

**कौशाम्बी।** उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. यश अग्रवाल ने जनपद के लोगों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को खसरा-रूबेला का टीका जरूर लगवाएं। टीका लगने से बीमारी का खतरा लगभग न के बराबर रह जाता है। उन्होंने कहा नियमित टीकाकरण भी जरूरी है। यह बहुत सी जानलेवा बीमारियों से बच्चों को बचाता है। नियमित टीकाकरण में बच्चों को बीसीजी, पैंटा, एमआर, आईपीवी, डीपीटी, टीडी, हैपेटाइसिस , मीजल रूबेला आदि के टीके लगाए जाएंगे।

### प्रवासी लोंगों के बच्चों के नियमित टीकाकरण में आती है दिक्कत

**कौशाम्बी।** डा. यश अग्रवाल का कहना है कि विभाग की पूरी कोशिश होती है कि कोई भी बच्चा नियमित टीकाकरण से वंचित न रह जाए, लेकिन इस कार्य में प्रवासी लोगों खासतौर पर मजदूर वर्ग के साथ दिक्कत आती है। कई बार देखा गया है कि इन लोगों के बच्चों को पहला टीका तो समय पर लग जाता है लेकिन जब दूसरे टीके का समय आया तो परिवार वह जगह छोड़ कर कहीं और चला गया होता है। इन लोगों को खोज पाना मुश्किल होता है। कई बार तो यह शहर छोड़कर ही चले जाते हैं।

### पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा गांव में 3 बकरिया खोल ले गए चोर

**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के हल्का नं 3 के कसेंदा गांव निवासी धर्मपाल यादव स्व. पंचम लाल यादव के घर से बीती रात चोरो ने मकान का ताला काट कर घर के अंदर बांधी गयी तीन बकारीयां उठा ले गये । ग्रामीणों के मुताबिक चोर चारपहिया वाहन से आए थे। बीते दो माह पूर्व इनकी दो कीमती भैंस भी चोर खोल ले गए थे। जिसकी कीमत एक लाख आंकी गई थी। आए दिन ऐसी चोरी की घटना पिपरी थाना क्षेत्र में घटित हो रही है चोरी करने वाले चोर रात मे घर के बाहर बाधी भैस खोल ले जाते है। जानकारी के मुताबिक तीन बकरी जिसकी कीमत 30 हजार की है जो रात मे चोर खोल ले गये।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों दिलीप सिंह पुत्र समरपाल लल्लन सरोज पुत्र शंकर लाल शिवराज कोरी पुत्र राम किशोर निवासीगण रानीपुर थाना महेवाघाट व माता बदल निषाद पुत्र रामलाल निवासी भवनसुरी थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 900 रुपये मालफड़ तथा जमातलासी के दौरान 250 रुपये बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

### दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कृष्णा पुत्र पंचम निवासी बसेड़ी थाना कोखराज को रेलवे फाटक मलाक नगर गेट न0 10 के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजा उर्फ अर्जुन पुत्र छोटे लाल निवासी मऊ थाना चित्रकूट जनपद चित्रकूट को रोही चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

संपादकीय

# जनस्वीकृति की हिन्दी भारत की कब होगी राष्ट्रभाषा

**हिंदी भाषा** है। जैसे संसार की बहुत सारी भाषाएं हैं। हर देश की अपनी एक सर्वमान्य भाषा होती है। लेकिन भारत के लिए सर्वमान्य और सर्व स्वीकृत हिंदी नहीं है। यहां मातृभाषा और राजभाषा की बातें होती हैं। अलग-अलग जनपदों की जो अपनी बोलियां हैं उसी को तर्क और कुछ हद तक विवेक से भाषा का जामा पहना दिया गया है। लोक में प्रचलित जो बोली है उसे ही कालक्रम में उसकी व्यापकता के कारण भाषा के रूप में स्वीकार्यता मिली है। तुलसीदास जैसी विराट रचनात्मक प्रतिभा के महाकवि जब अवधी भाषा में रामचरितमानस जैसा कालजई महाकाव्य सृजित करते हैं तो अवधी बोली न रहकर भाषा का रूप ले लेती है। वैसे ही कोई सूरदास सूरसागर जैसा वैभवशाली ग्रंथ प्रस्तुत करता है तो उसकी व्यापकता ब्रज की बोली को ब्रजभाषा के सिंहासन पर समादृत कर देती है। लोक- प्रचलन की बोली ही अनुशासन और शिष्टाचार में प्रभावशाली होती हुई लोकभाषा हो गई है। बोली मौखिक होती है और जब बोली साहित्य में आ जाती है तो वह भाषा हो जाती है। भारत विविधताओं का बड़ा देश है। इसके अलग-अलग अनेक जनपद हैं। हर जनपद की अपनी बोली या भाषा है। बोलियों की एकरूपता के लिए व्याकरण लिखते हुए रचनात्मक विद्वानों ने उसे भाषा का दर्जा दे दिया है। इसे मातृभाषा कहकर गौरवान्वित किया गया। भारत के कई राज्यों में कई-कई मातृभाषाएं हैं। बिहार राज्य में प्रमुख रूप में भोजपुरी, मैथिली, अंगिका, बज्जिका, मगही जैसी मातृभाषाएं हैं। इसके क्षेत्रों की सीमा भी है मगर सीमांत पर एक दूसरे से मिलकर भाषा का स्वरूप हर जगह बदलता चला गया है। इसके अतिरिक्त भी आदिवासी क्षेत्र की अपनी भाषा है। वह कहीं संथाली है तो कहीं नगपुरिया है। खोरठा, पंचपरगनिया भी बिहार के क्षेत्र विशेष की बोलियां हैं। अन्य राज्यों में भी ऐसी ही कई बोलियां हैं। कई राज्यों की बोलियां जो मातृभाषा के रूप में जानी जाती हैं वे हिंदी की उपभाषाएं हैं। सभी जानते हैं कि मेरठ के एक छोटे से क्षेत्र से खड़ी बोली के रूप में हिंदी का उदय हुआ और वह आगे बढ़ता चला गया। उसका विस्तार हुआ तो उसमें अनेक जनपदों की शब्दावलियां समाहित होती चली गईं। उदारता के साथ अभिव्यक्ति के लिए किसी भी भाषा या बोली के शब्द को स्वीकार करने में हिंदी ने परहेज नहीं किया। आज हिंदी की व्यापकता भारत के अलावे भी कई देशों में पहुंच गई है और इसका निरंतर प्रसार तथा फैलाव हो रहा है। अंग्रेजी दासता से मुक्ति के लिए जिस पराधीन भारत ने हिंदी को पूरे देश में संपर्क भाषा के रूप में स्वीकार करते हुए स्वतंत्रता के लिए औजार की तरह इस्तेमाल किया उसी स्वतंत्र भारत में हिंदी को आज तक राष्ट्रभाषा राजकीय या सरकारी का सम्मान नहीं दिया गया। हिंदी भारत सरकार की राजभाषा है जबकि जन स्वीकार्यता और लोक संस्कृति में यह प्रचलित रूप से राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकृत और गौरवान्वित है। राजनीतिक कारणों से एक-आध प्रांत के क्षेत्रीय नेताओं का विरोध है। वे हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार नहीं करते हैं जबकि उस प्रांत के लोगों का हिंदी से कोई भी स्वाभाविक विरोध नहीं है।

वे भारत के दूसरे प्रांतों में कौटुंबिक, शैक्षणिक या व्यापारिक कारणों से आते-जाते रहते हैं। उनके यहां भी दूसरे प्रांतों के, विशेष रूप से हिंदी भाषा-भाषी लोग आते-जाते रहते हैं। हिंदी फिल्मों तथा रामकथा और श्रीमद्भागवत कथा के विद्वान संतों एवं प्रवचनकताओं के भक्ति-भाव के प्रभाव में अहिंदी भाषा-भाषी लोगों की बड़ी संख्या है। हिंदी प्रदेशों के तीर्थ-दर्शन के लिए वे आते हैं तो उन्हें कदम-कदम पर हिंदी को सुनना पड़ता है। हिंदी एक सहज भाषा है जिसे सुनते हुए तुरंत ग्रहण किया जा सकता है।

हिंदी का विस्तार सहज स्वाभाविक रूप में होता चला गया है। इसका सम्मोहन और वैशिष्ट्य इसकी देवनागरी लिपि के कारण भी है। इसमें जो बोला जाता है वही लिखा जाता है। हिंदी के प्रचार-प्रसार में आम आदमी का महत्वपूर्ण योगदान है। हिंदी को साहित्य की भाषा मानने की जो विचित्र समझदारी है उससे मानसिकता को मुक्त होने की जरूरत है। यह ठीक है कि हिंदी भाषा में लिखे गए साहित्य ने अपनी उदारता और मनीषा से इसे व्यापक फलक पर पहुंचाया है। विश्व के सारे विकसित देशों की अपनी भाषा है और उसी भाषा में उसकी शिक्षा-पद्धति है। यह भारत की मानसिक गुलामी है जो तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा को ही सर्वोपरि मानती है। अब तक सरकारी स्तर पर बेकार के तर्क दिए जाते रहे कि चिकित्सा और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा ही कारगर और एकमात्र आधार है। यह कहते और मानते हुए हम भूल जाते हैं कि भारतीय चिकित्सा पद्धति जो पूर्णतः प्रकृति आधारित आयुर्वेद रही है, वह संस्कृत भाषा के माध्यम से ही मानक बनकर प्रचलन में आज भी है। चरक और सुश्रुत जैसे अनेक विश्व विश्रुत आयुर्वेदिक चिकित्सक हुए हैं। उनके चिकित्सा शास्त्र के ग्रंथ आज भी उपलब्ध हैं जो आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की रीढ़ हैं। वर्तमान समय में प्रसन्नता की बात है कि मध्य प्रदेश सरकार ने चिकित्सा और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में शुरू की तो उसका अनुकरण अन्य प्रांतों ने भी किया। अब हिंदी भाषा में तकनीकी पढ़ाई भी हो रही है और पुस्तकें भी उपलब्ध हैं। हिंदी के हिमायती अहिंदी क्षेत्रों के बड़े-बड़े विद्वान और नेता हुए हैं। उनकी परंपरा में आज भी अनेक व्यक्तित्व हैं जो पूरी निष्ठा और तन्मयता से हिंदी की सेवा कर रहे हैं। हिंदी के लिए उनके मन में सहज प्रेम है। हम जिस भारतीय संस्कृति की दुहाई देते हैं वह संस्कृति उसी हिन्दी की है जो देवभाषा संस्कृत से निसृत हुई है। भारत के विश्व गुरु होने का मूलाधार वैदिक और पौराणिक ज्ञान-संपदा है।

# हिन्दी ही है नया भारत-सशक्त भारत का आधार

ललित गर्ग

**विश्व** योग दिवस, विश्व अहिंसा दिवस आदि भारतीय अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़े विश्व दिवसों की श्रृंखला में विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विश्व हिंदी दिवस पहली बार 10 जनवरी, 2006 को मनाया गया था। आज हिन्दी विश्व की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा है, विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एक बड़ा प्रश्न है। सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं की सहायता जरूर ली जाए लेकिन तकनीकी एवं कानून की पढ़ाई एवं राजकाज की भाषा के माध्यम के तौर पर अंग्रेजी को प्रतिबंधित या नियंत्रित किया जाना चाहिए। आज भी भारतीय न्यायालयों में अंग्रेजी में ही कामकाज होना राष्ट्रीयता को कमजोर कर रहा है। हिन्दी को प्रतिष्ठापित करने एवं उचित सम्मान देने की जरूरत इसलिये है कि हिन्दी के बहुआयामी एवं बहुतायत उपयोग में ही राष्ट्रीयता की मजबूती है, जीवन है, प्रगति है और शक्ति है किन्तु इसकी उपेक्षा में विनाश है, अगति है और स्खलन है। एथनोलॉग के वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के 22वें संस्करण में बताया गया है कि दुनियाभर की 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं, इनमें हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। वर्तमान में 637 मिलियन लोग हिंदी भाषा का उपयोग करते हैं। हिंदी भारत की राजभाषा है। सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व को समेट हिंदी अब विश्व में लगातार अपना फैलाव कर रही है, हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के नाम पर भारत में उदासीनता एवं उपेक्षा की स्थितियां परेशान करने वाली है, विडम्बनापूर्ण है। विश्वस्तर पर प्रतिष्ठा पा रही हिंदी को देश में दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी है, यही कारण है कि आज भी देश में हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। देश-विदेश में इसे जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इंटरनेट के इस युग ने हिंदी को वैश्विक धाक जमाने में नया आसमान मुहैया कराया है। हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीयता की हानि है। जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनीतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय प्रतीकों के लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करना होगा।



हिन्दी को उसका गौरवपूर्ण स्थान दिलाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के प्रयत्नों को राष्ट्र सदा स्मरणीय रखेगा। क्योंकि मोदी ने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर न केवल हिन्दी को गौरवान्वित किया बल्कि देश के हर नागरिक का सीना चौड़ा किया। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 70 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? शेक्सपीयर ने कहा था-ह्यदुर्बलता! तेरा नाम स्त्री है ह्न पर आज शेक्सपीयर होता तो आम भारतीय एवं सरकारों के द्वारा हो रही हिन्दी की उपेक्षा के परिप्रेक्ष्य में कहता- ह्यदुर्बलता! तेरा नाम भारतीय जनता एवं शासन व्यवस्था है ह्न क्योंकि दुनिया में हिन्दी का वर्चस्व बढ़ रहा है, लेकिन हमारे देश में ऐसा नहीं होना, इन्हीं विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों को ही दशार्ता है।

स्वभाषा हिन्दी, राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय प्रतीकों की उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। राष्ट्र-भाषा को लेकर छाए धूंध को मिटाने के लिये कुछ ऐसे ही ठोस कदम उठाने ही होंगे। कितने दुख की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी राजधानी दिल्ली सहित महानगरों में ही नहीं बल्कि हमारे दूर-दराज के सरकारी महकमों में राज्य सरकारें अपना काम-काज अंग्रेजी में करती हैं। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्ट्रीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद ही हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रचारित-प्रसारित करने के लिए 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में आपसी लोगों से सम्पर्क स्थापित करने का अभिनव कार्य किया है। लेकिन अंग्रेजी के वर्चस्व के कारण आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। विशेषतः अदालतों में आज भी अंग्रेजी का वर्चस्व कायम रहना, एक बड़ा प्रश्न है। देश की सभी निचली अदालतों में संपूर्ण कामकाज हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में होता है, किंतु उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में यही काम केवल अंग्रेजी में होता है।

> यहां तक कि जो न्यायाधीश हिंदी व अन्य भारतीय भाषाएं जानते हैं वे भी अपीलीय मामलों की सुनवाई में दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद कराते हैं। आमजन के लिए न्याय की भाषा कौन-सी हो, इसका सबक भारत और भारतीय न्यायालयों को अबू धाबी से लेने की जरूरत है। संयुक्त अरब अमारात याने दुबई और अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालतों में तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल कर लिया है। वहां के जनजीवन में हिन्दी का सर्वाधिक प्रचलन है

यहां तक कि जो न्यायाधीश हिंदी व अन्य भारतीय भाषाएं जानते हैं वे भी अपीलीय मामलों की सुनवाई में दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद कराते हैं। आमजन के लिए न्याय की भाषा कौन-सी हो, इसका सबक भारत और भारतीय न्यायालयों को अबू धाबी से लेने की जरूरत है। संयुक्त अरब अमारात याने दुबई और अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालतों में तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल कर लिया है। वहां के जनजीवन में हिन्दी का सर्वाधिक प्रचलन है। दुनिया में जितने भी देश महाशक्ति के दर्जे में आते हैं, उनकी शासकीय कार्य एवं अदालतों में मातृभाषा चलती है। यूरोपीय देशों में जैसे-जैसे शिक्षा व संपन्नता बढ़ी, वैसे-वैसे राष्ट्रीय स्वाभिमान प्रखर होता चला गया। रूस, चीन, जापान, वियतनाम और क्यूबा में भी मातृभाषाओं का प्रयोग होता है। लेकिन भारत, भारतीय अदालतें एवं सरकारी महकमें कोई सबक या प्रेरणा लिए बिना अंग्रेजी को स्वतंत्रता के सतहतर साल बाद भी ढोती चली आ रही हैं। हालांकि इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने हिंदी भाषा के भविष्य के संबंध में भी नई राहें दिखाई है। गूगल के अनुसार भारत में अंग्रेजी भाषा में जहाँ विषयवस्तु निर्माण की रफ्तार 19 फीसदी है तो हिंदी के लिए ये आंकड़ा 94 फीसदी है। इसलिए हिंदी को नई सूचना-प्रौद्योगिकी की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए तो ये इस भाषा के विकास में बेहद उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसके लिए सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के स्तर पर तो प्रयास किए ही जाने चाहिए, निजी स्तर पर भी लोगों को इसे खूब प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त हिंदी भाषियों को भी गैर हिंदी भाषियों को खुले दिल से स्वीकार करना होगा। उनकी भाषा-संस्कृति को समझना होगा तभी वो हिंदी को खुले मन से स्वीकार करने को तैयार होंगे। बात चाहे राष्ट्र भाषा की हो या राष्ट्र गान या राष्ट्र गीत- इन सबको भी समूचे राष्ट्र में सम्मान एवं स्वीकार्यता मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार को चाहिए कि वह ऐसे आदेश जारी करे जिससे सरकार के सारे अंदरुनी काम-काज भी हिन्दी में होने लगे और अंग्रेजी से मुक्ति की दिशा सुनिश्चित हो जाये।

अगर ऐसा होता है तो यह राष्ट्रीयता को सुदृढ़ करने की दिशा में नया भारत-सशक्त भारत बनाने की दिशा में एक अनुकरणीय एवं सराहनीय पहल होगी। ऐसा होने से महात्मा गांधी, गुरु गोलवलकर और डॉ. राममनोहर लोहिया का सपना साकार हो सकेगा। तभी हिन्दी अपना सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकेगी।

# स्वार्थों के लिए मनुवाद का राग

प्रियंका सौरभ

**वर्तमान** समय में मनुवाद (मनुवाद) शब्द को नकारात्मक अर्थ में लिया जा रहा है। मनुवाद के पर्याय के रूप में भी ब्राह्मणवाद का प्रयोग किया जाता है। असल में मनुवाद के खिलाफ बोलने वाले लोगों को मनु या मनुस्मृति के बारे में पता ही नहीं है। या वे अपने निहित स्वार्थों के लिए मनुवाद का नारा लगाते हैं। वस्तुतः जिस जाति व्यवस्था के लिए मनुस्मृति और महर्षि मनु को दोषी ठहराया गया है, उसमें जाति शब्द का उल्लेख तक नहीं है। जब हम मनुवाद शब्द को बार-बार सुनते हैं तो हमारे मन में यह प्रश्न भी उठता है कि आखिर यह मनुवाद क्या है? महर्षि मनु मानव संविधान के प्रथम प्रवक्ता और आदि शासक माने जाते हैं। मनु की संतान होने के कारण ही मनुष्यों को मानव या मनुष्य कहा जाता है। अर्थात मनु की संतान ही मनुष्य है। सृष्टि के सभी प्राणियों में एकमात्र मनुष्य ही है जिसे विचारशक्ति प्राप्त है। मनु ने मनुस्मृति में समाज संचालन के लिए जो व्यवस्थाएं दी हैं, उसे ही सकारात्मक अर्थों में मनुवाद कहा जा सकता है। मनु कहते हैं कि कर्म के अनुसार ब्राह्मण शूद्रता को प्राप्त हो जाता है और शूद्र ब्राह्मणत्व को। इसी प्रकार क्षत्रिय और वैश्य से उत्पन्न संतान भी अन्य वर्णों को प्राप्त हो जाया करती हैं। विद्या और योग्यता के अनुसार सभी वर्णों की संतानें अन्य वर्ण में जा सकती हैं- जन्मना जायते शूद्रः कर्मणा द्विज उच्यते। (अर्थात जन्म से सभी शूद्र होते हैं और कर्म से ही वे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र बनते हैं। वर्तमान दौर में मनुवाद शब्द को नकारात्मक अर्थों में लिया जा रहा है। ब्राह्मण -वाद को भी मनुवाद के ही पर्यायवाची के रूप में उपयोग किया जाता है। वास्तविकता में तो मनुवाद की रट लगाने वाले लोग मनु अथवा मनुस्मृति के बारे में जानते ही नहीं है या फिर अपने निहित स्वार्थों के लिए मनुवाद का राग अलापते रहते हैं। जिस जाति व्यवस्था के लिए मनुस्मृति को दोषी ठहराया जाता है, उसमें जातिवाद का उल्लेख तक नहीं है। सेक्युलरिज्म की तरह बिना अर्थ जाने भारतीय राजनीति विशेषकर दलित राजनीति में जिन दो शब्दों का सर्वाधिक उपयोग या दुरपयोग हुआ है वे है मनुवाद और ब्राह्मणवाद। अधिकांश लोगों में भ्रम है कि मनु कोई एक व्यक्ति था जो ब्राह्मण था । तथ्य यह है कि मनु क्षत्रिय थे और एक नहीं अनेक थे। कम से कम दस मनुओं का जिक्र आया है। मनु के बारे में दूसरा भ्रम मनु सिद्धान्त को मनुवाद बना देना है। सिद्धान्त और वाद में बहुत अंतर होता है ।सिद्धान्त का आधार सत्य होता है जबकि वाद का आधार परंपरा या सुविधा होता है। सही बात तो यह है कि मनु स्मृति में मनु सिद्धान्त नाम की भी कोई चीज नहीं है अपितु यह आदर्श नियमों का समूह मात्र है जो क्रमशः जुडते गए। कहना नहीं होगा कि मनु स्मृति में योग्यता को सर्वोच्च माना गया है इसलिए अकर्मणय और आलसी लोगों ने इसे अपने विरुद्ध मान लिया और वे ही लोग भ्रम फैलाने में जुट गए। मनु स्मृति की मूल भावना पवित्र है, जो योग्य के योग्य का प्रतिपादन करती है। वेदों की विधि व्यवस्था को कर्तव्य व्यवस्था भी कहा गया है। उसी के आधार पर मनु ने सरल भाषा में मनुस्मृति की रचना की। धर्मशास्त्र वैदिक दर्शन में संविधान या कानून का नाम है। मनुस्मृति न तो दलित विरोधी है और न ही ब्राह्मणवाद को बढ़ावा देती है। बल्कि यह केवल मानवता और मानवीय कर्तव्यों की बात करता है। मनु किसी को दलित नहीं मानते। दलित-संबंधी व्यवस्थाएँ अंग्रेजों और वामपंथियों की देन हैं। प्राचीन साहित्य में दलित शब्द नहीं है। मनुष्यों की चार जातियां नहीं बल्कि चार श्रेणियां हैं, जो पूरी तरह से उनकी योग्यता पर आधारित हैं। पहला ब्राह्मण, दूसरा क्षत्रिय, तीसरा वैश्य और चौथा शूद्र। समाज के संचालन के लिए जो व्यवस्थाएं दी हैं, उन सबका संग्रह मनुस्मृति में है। अर्थात मनुस्मृति मानव समाज का प्रथम संविधान है, न्याय व्यवस्था का शास्त्र है। यह वेदों के अनुकूल है। वेद की कानून व्यवस्था अथवा न्याय व्यवस्था को कर्तव्य व्यवस्था भी कहा गया है। उसी के आधार पर मनु ने सरल भाषा में मनुस्मृति का निर्माण किया। वैदिक दर्शन में संविधान या कानून का नाम ही धर्मशास्त्र है। महर्षि मनु कहते है- धर्मो रक्षति रक्षितः। अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। यदि वर्तमान संदर्भ में कहें तो जो कानून की रक्षा करता है कानून उसकी रक्षा करता है। कानून सबके लिए अनिवार्य तथा समान होता है। जिन्हें हम वर्तमान समय में धर्म कहते हैं दरअसल वे संप्रदाय हैं। धर्म का अर्थ है जिसको धारण किया जाता है और मनुष्य का धारक तत्व है मनुष्यता, मानवता। मानवता ही मनुष्य का एकमात्र धर्म है। हिन्दू मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, सिख आदि धर्म नहीं मत हैं, संप्रदाय हैं। संस्कृत के धर्म शब्द का पर्यायवाची संसार की अन्य किसी भाषा में नहीं है। भ्रांतिवश अंग्रेजी के रिलीजन शब्द को ही धर्म मान लिया गया है, जो कि नितांत गलत है। इसका सही अर्थ संप्रदाय है। धर्म के निकट यदि अंग्रेजी का कोई शब्द लिया जाए तो वह ड्यूटी हो सकता है। कानून ड्यूटी यानी कर्तव्य की बात करता है मनु ने भी कर्तव्य पालन पर सर्वाधिक बल दिया है। उसी कर्तव्यशास्त्र का नाम मानव धर्मशास्त्र या मनुस्मृति है। आजकल अधिकारों की बात ज्यादा की जाती है, कर्तव्यों की बात कोई नहीं करता। इसीलिए समाज में विसंगतियां देखने को मिलती हैं। मनुस्मृति के आधार पर ही आगे चलकर महर्षि याज्ञवल्क्य ने भी धर्मशास्त्र का निर्माण किया जिसे याज्ञवल्क्य स्मृति के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजी काल में भी भारत की कानून व्यवस्था का मूल आधार मनुस्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति रहा है। कानून के विद्यार्थी इसे भली-भांति भली-भांति जानते हैं। राजस्थान हाईकोर्ट में मनु की प्रतिमा भी स्थापित है। वर्तमान सन्दर्भ में भी यदि हम शासन व्यवस्था को देखें तो प्रशासन चलाने के लिए लोगों को चार श्रेणियों - प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ में विभाजित किया गया है। महर्षि मनु की व्यवस्था के अनुसार हम प्रथम वर्ण को ब्राह्मण, दूसरे को क्षत्रिय, तीसरे को वैश्य और चौथे को शूद्र रख सकते हैं। मनुस्मृति 10/65 में महर्षि मनु कहते हैं कि- एक ब्राह्मण अपने गुणों, कार्यों और क्षमताओं के आधार पर शूद्र बनता है और इसके विपरीत। इसी प्रकार क्षत्रिय और वैश्य के बीच भी ऐसा आदान-प्रदान होता है। मनु के विधान के अनुसार यदि ब्राह्मण की संतान अयोग्य है तो वह अपनी योग्यता के अनुसार वर्ग चार या शूद्र बनता है। इसी प्रकार चतुर्थ श्रेणी के बच्चे या शूद्र योग्यता के आधार पर प्रथम श्रेणी या ब्राह्मण बन सकते हैं। हमारे प्राचीन समाज में ऐसे कई उदाहरण हैं जब कोई व्यक्ति शूद्र से ब्राह्मण बना। मयार्दा पुरुषोत्तम राम के गुरु वशिष्ठ महाशूद्र चांडाल की संतान थे, लेकिन अपनी योग्यता के बल पर वे ऋषि बने।

विश्वामित्र अपनी योग्यता से क्षत्रिय से ब्रह्मर्षि बने। भारतीय इतिहास में ऐसे और भी कई उदाहरण हमारे सामने हैं, जो स्वतः ही मनु के दलित विरोधी होने के आरोपों का खंडन करते हैं।

# आओ कुदरती संसाधनों से छेड़छाड़ रोकने का संकल्प करें

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर मानवीय जीव विकास की ऐसी गंगा बहाने में बिजी हो गया है कि, कुदरत और उसके संसाधनों को हाशिए पर लाकर रख दिया है और जब अभी उसके दुष्परिणामों से दो-चार होने का समय आया है तो पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते सहित अनेक उपायों पर दुनिया को एक कर उपाय किए जा रहे हैं। परंतु उसके बाद भी हम मानवीय जीव सहभागिता ना देकर अपने निजी सुख सुविधाओं और नाम के लिए कुदरती संसाधनों से छेड़छाड़ करना चालू रख रहे हैं, जिसका परिणाम आगे चलकर भयावह होने की बात को रेखांकित करना जरूरी है। यह त्रासदी हम नहीं तो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए काफी खतरनाक सिद्ध हो सकती है और एक समय ऐसा भी आ सकता है कि मानवीय जीव इस धरा पर सुखमय जीवन जीने के लिए भी दुर्लभ हो सकता है जिसका टेलर आज हम उत्तराखंड के जोशीमठ में देख रहे हैं, जिससे वहां का शासन प्रशासन और पीएम कार्यालय तक आपातकालीन मीटिंग का दौर शुरू है। हालांकि इसका इंडिकेशन 1936, 2001 1976 की अट्ठारह सदस्यीय विशेषज्ञों की रिपोर्ट में पहले ही दिया जा चुका था। परंतु करीब-करीब हर रिपोर्ट की तरह इस रिपोर्ट को भी साइड कर दिया गया था और आज नतीजा सबके सामने है। चूंकि जोशीमठ की भयंकर त्रासदी से कुछ दिनों से मीडिया भरा पड़ा है, इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे जोशीमठ के अस्तित्व पर संकट - यह कुदरत की कराई या फिर मानवीय चतुराई की कीया कराई? आओ कुदरती संसाधनों से छेड़छाड़ रोकने का संकल्प करें।

साथियों बात अगर हम जोशीमठ त्रासदी की करें तो मीडिया के अनुसार जोशीमठ मेंकरीब-करीब 600 के आसपास घरों, होटलों में खौफनाक दरारें आ गई है जो मीडिया में ग्राउंड रिपोर्टिंग से दिखाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने संभावना जताई है कि एनटीपीसी तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजना और हेलेन बाईपास के चलते यह हो रहा है जिससे सरकार ने आदेश जारी कर अगले आदेश तक यह कार्य रोक दिया है। उल्लेखनीय है कि, जोशीमठ में जमीन धंसने की घटनाओं से उत्तराखंड ही नहीं पूरा देश चिंतित है। आए दिन भू-धंसाव की डरा देने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं।

साथियों बात अगर हम पूर्व में आई रिपोर्ट और कारणों की करें तो, जोशीमठ शहर पर खतरे के लिए कई वजह जिम्मेदार हो सकती है, जिसमें छोटे-छोटे भूकंप और पानी से भूमि का कटाव शामिल है। इसमें अलकनंदा और धौलीगंगा दोनों ही नदियां जोशीमठ शहर के नीचे की मिट्टी का कटान कर रही, इसके अलावा शहर पर निर्माण का भारी दबाव और टनल जैसे निर्माण कार्य भी जिम्मेदार है। पहले से ही जो क्षेत्र एमसीटी लाइन पर हो, वहां इस तरह के दूसरे कारण शहर को खतरे में डालने के लिए काफी है एक तरफ धार्मिक भविष्यवाणी है तो वहीं दूसरी तरफ वैज्ञानिक कारण भी बताए जा रहे हैं। इन कारणों को आज या कल में नहीं खोजा गया है, बल्कि जोशीमठ पर आए इस खतरे को लेकर साल 1976 में भी भविष्यवाणी (जोशीमठ रिपोर्ट) कर दी गई थी। 1976 में तत्कालीन गढ़वाल कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता वाली समिति ने एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें जोशीमठ पर खतरे का जिक्र किया गया था। रिपोर्ट में साफ यह भी बताय गया था कि भूस्खलन से जोशीमठ को बचाने के लिए स्थानीय लोगों कीभूमिका किस तरह तय की जा सकती है, वृक्षारोपण किया जा सकता है। हालांकि, इसके बाद भी कुछ रिसर्चर्स ने जोशीमठ शहर पर मंडरा रहे खतरे को अपनी रिपोर्ट में बयां किया था। साल 2001 में एमपीएस बिष्ट और पीयूष रौतेला ने भी ऐसा ही एक रिसर्च पेपर सबमिट किया था, इस रिसर्च पेपर में जोशीमठ के सेंट्रल हिमालयन में होने की बात लिखी गई थी। साथियों बात अगर हम जोशीमठ शहर की करें तो,समुद्रतल से 2500 से लेकर 3050 मीटर की ऊंचाई पर बसे जोशीमठ शहर का धार्मिक और सामरिक महत्व है। यह देश के चारधामों में से एक बदरीनाथ का शीतकालीन गद्दीस्थल है तो सेना व अर्द्धसैनिक बलों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव भी है। इन दिनों यह खूबसूरत पहाड़ी शहर वहां हो रहे भूधंसाव और भवनों में निरंतर पड़ रही दरारों को लकर चर्चा में है। अलकनंदा की बाढ़ ने जोशीमठ समेत अन्य स्थानों पर मचाई थी तबाही शहर पर मंडराते अस्तित्व के खतरे को देखते हुए स्थानीय लोगआंदोलित हैं।सरकार भी समस्या केसमाधान के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

## माँ भारती करे पुकार

डॉ. सुरेश कुमार

एक दिन मैं अपने रास्ते जा रहा था। अचानक से मेरी नजर एक पोस्टर पर पड़ी। पोस्टर बड़ा आकर्षक था। वह पोस्टर किसके बारे में था, यह जान पाता इससे पहले ही उस पर एक काले बिच्छू को देखकर मैं ठिठक गया। ध्यान दिया तो वह मादा बिच्छू थी, जिसकी पीठ पर कई छोटे बिच्छू जो कि उसके नवजात बच्चे थे, सवार थे। पहले तो मुझे भ्रम हुआ कहीं माँ अपने बच्चों को पीठ पर बैठाकर सवारी तो नहीं करा रही है। ध्यान से देखा तो नवजात बिच्छुओं का झुंड अपनी माँ को अपनी भूख का आहार बना रहे थे। वे नोच-नोचकर उसे खा रहे थे। मुझसे रहा नहीं गया। मैंने इधर-उधर देखा। मुझे एक लकड़ी दिखाई दी। झट से उठाया और नवजात बिच्छुओं के झुंड को तितर-बितर कर दिया। कुछ ही देर में मुझे ऐसा लगा मानो माँ बिच्छू कराहने की पीड़ा से मुक्त होकर मेरा आभार व्यक्त कर रही हो। मुझे यह घटना देखने के बाद किसी की कही बात याद हो आई कि माँ बिच्छु अपने बच्चों को जन्म देने के बाद उन्हीं का शिकार बन जाती है। मेरी आँखों में आँसू थे। मैंने माँ बिच्छू को उसी पोस्टर के साथ उठाकर जंगली क्षेत्र में फेंक दिया। माँ बिच्छू अपने रास्ते हो ली, लेकिन पोस्टर उड़ता हुआ मेरे पास आकर गिर गया। मुझे समझ नहीं आया कि ऐसा क्यों हुआ। जो भी हो मेरा ध्यान उस माँ बिच्छू पर तो इसी पोस्टर की वजह से गया था। सो मैंने उसी कौतूहलतावश उस पोस्टर को ध्यान से देखना शुरू किया। पोस्टर देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए। उस पर आकर्षक भारत माँ का चित्र बना हुआ था। उसके भीतर देश के बड़े-बड़े नेताओं के नरमुंडों वाली छवियाँ देश के उद्धार की गारंटी देती हुई विजयी मुद्रा का संकेत कर रही थीं। माँ भारती मुस्कुरा रही थी।

# शिक्षक विधायक में भाजपा नेताओं को दी 20 मतदाताओं से सम्पर्क की जिम्मेदारी: खरे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने शिक्षक विधायक चुनाव तैयारी बाबत बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता एवं प्रदेश मंत्री/प्रभारी देवेश कोरी के मुख्य आतिथ्य में की। बैठक में प्रदेश मंत्री ने कहा कि जिले में सात मतदान स्थल में सभी को लगाकर मतदाताओं से सम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करवाना है।

सोमवार को जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों के एक-एक प्रमुख बनाये गये हैं। मतदाताओं से सम्पर्क के साथ वे एक कमेटी बनाकर मतदान का काम करेंगे। सहसंयोजक, बूथ प्रमुख, वाहन प्रमुख, सोशल मीडिया प्रमुख, सम्मेलन प्रमुख, मतदाता पर्ची प्रमुख बनाकर वोटिंग के दिन मतदाताओं को लाने और मतदान के बाद उनके स्थान छोडने का काम करेंगे। सभी वरिष्ठों को बीस मतदाताओं से सम्पर्क की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव संयोजक जगदीश गौतम ने बताया कि जिले में 112 विद्यालय में आठ सौ मतदाता मतदान करेंगे।

बैठक के बाद भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष/बंगाल के निवर्तमान राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक बैठक में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शान्ति को



प्रार्थना की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि प्रयागराज की राजनीति में केशरीनाथ त्रिपाठी पार्टी के स्तम्भ थे। उनके न रहने से पार्टी को भारी क्षति हुई है। इस मौके पर पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, दिनेश तिवारी, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगा मिश्रा, मुन्ना करवरिया, राजीव त्रिपाठी, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, मोहनदास मिश्रा, डॉ रणवीर सिंह चैहान, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी व वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल मौजूद रहे।

## फटाफट खबरें

### डीएम-एसपी ने बीस क्षय रोगियों को बांटी पोषण किट




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/इंडियन रेडक्रास सोसाइटी अध्यक्ष अभिषेक आनन्द के निर्देश पर रेडक्रास ने एचडीएफसी बैंक के गोद लिए बीस क्षय रोगियों को निक्षय पोषण किट बांटी। जिलाधिकारी ने सभी छह रोगियों को पोषण किट देते हुए कहा कि रेडक्रास ने पहले भी सराहनीय कार्य किये हैं। पहले सौ क्षय रोगियों को गोद लेकर दो बार पोषण किट बांटी जा चुकी है।

सोमवार को जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण किट सभी रोगियों के लिए लाभदायी होगी। किट में भुना चना, मूगफली दाना, गुड, मूंग की दाल एवं सोयाबडी के नियमित प्रयोग से रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढेगी। इससे बीमारी से जल्दी निजात मिलेगी। सभी लोग मिलकर जिले व प्रदेश से क्षय रोग को मुक्त करने का कार्य करें। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कहा कि क्षय रोग लाइलाज नहीं है। दवाइयों के सेवन से जल्द ठीक किया जा सकता है। समय से पोषण एवं दवाइयों का प्रयोग करें।

सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने जिले के बीस क्षय रोगियों को छह माह के लिए गोद लेकर मिसाल कायम की है। उनके कलस्टर हेड नितिन कुमार भी धन्यवाद के पास हैं। इस कार्य में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी का योगदान सराहनीय है। जिलाधिकारी के लिए संकल्प क्षयरोग मुक्त चित्रकूट की परिकल्पना जल्द साकार होगी। एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव ने कहा कि रेडक्रास सोसाइटी के पुनीत कार्य में सभी को बढ-चढकर सहयोग करना चाहिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कु शिवानी, कु अनीता सैनी, नन्हे खां, मोती देवी, बृजेश कुमार तिवारी को पोषण किट देकर मनोबल बढाया। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक शाखा प्रबंधक मनीष यादव, डीटीओ डॉ एके आजाद, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कोआर्डिनेटर ज्ञानचन्द्र शुक्ला, विवेक मिश्रा, टीबी चैम्पियन अम्बरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### किसानों के खाते में नहीं आई रबी बीजों का अनुदान: शैलेन्द्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू ने ब्लाक मऊ, मानिकपुर, पहाड़ी एवं कर्वी सदर तहसील में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर तहसीलदार राकेश पाठक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि रबी के बीजों की अनुदान राशि अभी तक किसानों के खाते में नही पहुंची है।

सोमवर को तहसीलदार राकेश पाठक को सौंपे ज्ञापन में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों के खाते में अनुदान राशि तत्काल भेजी जाये। बनकट मोड़ पर देशी शराब के ठेके में शाम पांच बजते ही पियक्कड़ों का जमावड़ा लगने से अभद्र शब्दों के प्रयोग से वहां भय युक्त माहौल है। देर रात तक जाम भी लगने से कोचिंग जा रही बालिकाओं एवं आसपास रहने वाले लोगों में भय है। प्रशासन इस पर रोक लगाये।

पहाडी ब्लाक अध्यक्ष जसवन्त सिंह ने कहा कि आवारा पशुओं के गौशालाओं में संरक्षित होने से कर्मचारियों की लापरवाही से पांच से दस जानवरों को छोड़ने से पटना खालसा, सगवारा, भटरी, सलिकपुर आदि गांवो में जानवर फसलों को चट कर रहे हैं। ठंड को देखते हुए जानवरों को छाया की व्यवस्था की जाए। भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि एक ओर अन्ना जानवरों से किसान परेशान है। वन विभाग के न चेतने से बन्दरों का आतंक गांवों में फैल रहा है। फसल एवं बच्चों के साथ हादसे का खतरा बना है। बन्दर बच्चों एवं महिलाओं पर हमला कर देते हैं। भाकियू ने कई बार वन विभाग को इस बाबत ज्ञापन देकर मांग की है कि समय रहते बन्दरों पर अंकुश लगाया जाए। इस मौके पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, जयनारायण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, अजय सिंह, छेदीलाल, रामेश्वर, कमलेश, युवा बिंग जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह फौजी, अर्जुन सिंह, अनिल कुमार, श्रीधर पाण्डेय, रमेश सिंह, नरेन्द्र कुमार, अशोक समेत किसान मौजूद रहे।

### आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर घने कोहरे से बस पलटी, चार की मौत, 1 दर्जन से अधिक घायल, घायलों का हालचाल लेने पहुंची जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** देर रात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के 268 माइलस्टोन पर स्लीपर बस संख्या आर.जे. 27 पीए 5703 जो राजकोट, गुजरात से तिकोनियां बार्डर (लखीमपुर खीरी-नेपाल) जा रही थी। घने कोहरे के कारण डीसीएम यू.पी. 42 बीटी 3050 से टकरा गयी। जिसमें 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई एवं 6 लोगों को गम्भीर चोटें आयीं है। जिन्हें जिला चिकित्सालय उन्नाव रेफर किया गया है। बस में लगभग 50 व्यक्ति सवार थे। जिनको तहसील हसनगंज के स्थानीय प्रशासन द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात औरास टोल प्लाजा के पास बारात घर में चाय-नाश्ता व बच्चों के लिए दूध आदि उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही यात्रियों के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गयी। एक्सीडेंट हो जाने की सूचना पर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना सहित जनपद के अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुँचे। और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औरास पहुँचकर घायल व्यक्तियों का जायजा लिया। तथा स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि घायल व्यक्तियों का बेहतर इलाज किया जाए। जिला मजिस्ट्रेट ने उप जिलाधिकारी हसनगंज अंकित शुक्ला सहित स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिये कि दुर्घटना में प्रभावित यात्रियों को उनके गन्तव्य तक पहुँचाने का इन्तजाम किया जाए।

# शीतलहर को देखते हुए जरूरतमंदों को बांटा गया कंबल

**अखंड भारत संदेश**

**सफीपुर उन्नाव ।** शीत लहर के चलते जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये है। कि अपने क्षेत्रान्तर्गत निरश्रित एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये जाये तथा सर्दी के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाए जाएं।

इसी क्रम में सफीपुर में उप जिलाधिकारी शिवेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा क्षेत्रीय भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर की उपस्थिति



में तहसील सफीपुर के अन्तर्गत निराश्रित एवं जरूरतमंद पुरूष एवं महिलाओं को ग्राम दुगौरा, नजीरपुर, डकैली, दयालगढ़ी, टिकरा, गौरिया कला सहित अन्य कई ग्रामों में लगातार कम्बल वितरण किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सफीपुर में निराश्रित लोगों के लिए रैन बसेरा संचालित किया गया है। तथा तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अलाव भी जलवाए जा रहे है। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिल सके।

# मकर संक्रांति पर्व पर सिंचाई विभाग ने शुरू कराई घाटों की सफाई

## बुन्देली सेना की मांग पर डीएम ने की पहल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेली सेना की मांग पर सिंचाई विभाग ने मकर संक्रांति के पहले मन्दाकिनी नदी के घाटों की सफाई का अभियान शुरू करा दिया है। कर्वी की ओर से रामघाट में एक साथ सफाई शुरू हुई है। बुंदेली सेना ने डीएम और सिंचाई विभाग के प्रति आभार जताया है। सोमवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व में लोग साफ सुथरे घाटों में डुबकी लगाएं। इसके लिए घाटों की विधिवत सफाई की मांग की गई थी। सोमवार को सिंचाई विभाग के



अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार के निर्देश पर कर्वी पुलघाट और पन्नालाल घाट में एक साथ सफाई शुरू हुई। पुलघाट कर्वी में सीढ़ियों का मलबा निकाला गया तो पन्नालाल घाट में नदी से चोई और मलबा निकाला गया। सफाई का यह अभियान अगले दो-तीन दिन तक जारी रहेगा। सिंचाई विभाग के एई गुरु प्रसाद ने सफाई का निरीक्षण किया। बुंदेली सेना ने नदी की सफाई शुरू होने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और सिंचाई विभाग के प्रति आभार जताया है। मांग किया है कि नदी घाटों में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित होने और कचरा नदी में न फेंकने की चेतावनी सूचनाएं अंकित कराई जायें। नगर पालिका ने नदी के घाटों किनारे हवन-पूजन सामग्री विसर्जन के स्थल बनवाने का कई बार दावा किया, लेकिन दावा हवा हवाई रहा। ऐसे स्थल बन जायें तो लोगों का नदी में हवन पूजन सामग्री का विसर्जन बंद हो जाएगा।

# भाजपा है व्यापारियों के लिए कलंकपूर्ण इतिहास: विधायक

## सपाइयों ने व्यापारियों के पक्ष में सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने जिला मुख्यालय के ट्राफिक चैराहे के आसपास अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे एवं मंझोले व्यापारियों को उजाडने को लेकर भाजपा सरकार की मनमानी एवं प्रशासन के विरोध में राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने जिले के व्यापारियों में फैली दहशत एवं अन्याय पूर्ण कार्यवाही को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से भेंट की। सपा जिलाध्यक्ष ने उन्हें बताया कि पिछले सप्ताह से ट्राफिक चैराहे के आसपास अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों की दुकानें गिराई जा रही हैं। इसे



लेकर व्यापारियों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने नगर पालिका से वैध ढंग से दुकानें ली हैं। नियमित नगर पालिका को किराया भी दे रहे हैं। केन्द्र व राज्य की योगी सरकार लोगों के आत्मनिर्भर बनने का नारा जोर-शोर से बुलंद कर रही है। ऐसे में व्यापारियों को बिना मुआवजा दिये उनकी रोजीरोटी एवं दुकानें छीनना वैधानिक रुप से उचित नहीं है। जनहित को देखते हुए व्यापारियों को पहले दुकानें दी जायें, फिर कार्यवाही की जाये।

सपा ने भाजपा सरकार व प्रशासन से अन्याय पूर्ण कार्यवाही एवं मनमानी को रोकने की अपील की। चेताया कि सपा व्यापारियों के हितों की रक्षा को हर हाल में व्यापारियों के साथ खडी है। सडक से लेकर सदन तक जनआन्दोलन के विकल्प खोले हैं।

लोकप्रिय सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है। जब से भाजपा सत्ता में आई है देश-प्रदेश में व्यापारी परेशान एवं प्रताडित है। महंगाई, बेरोजगारी एवं व्यापारियों की दिक्कतों का भाजपा शासनकाल में कलंक पूर्ण इतिहास है। नोटबन्दी से लेकर गलत ढंग से जीएसटी लागू करना। इसके बाद इनकम टैक्स और जीएसटी के नाम पर और अब विकास के नाम पर व्यापारियों की रोजी-रोटी व दुकानें छीनना संविधान और लोकतंत्र का हनन है। जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि बिना नोटिस के दुकान, मकान पर बुलडोजर चलाना लोकतंत्र के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा। प्रतिनिधि मंडल में सपा जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खां, वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह पटेल, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष पप्पू जायसवाल, हिमांशु गुप्ता, देवेन्द्र सिंह पटेल, गन्नू गुप्ता, सीताराम कश्यप, रामप्रसाद वर्मा, आशुतोष अग्रहरि आदि शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति, शुकदेव तीर्थ से जुड़ेगी गंगा की धारा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री कपिलदेव के अनुरोध पर पौराणिक स्थल शुकतीर्थ में गंगा की मुख्यधारा को लाये जाने की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की है। पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार को सहारनपुरमण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ विकासकार्यों की समीक्षा के दौरान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने अपने गृहजनपद के अनेक विकास कार्यों के बारे में चर्चा की।

कपिलदेव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से श्रीमद्भागवत की उदगमस्थली पौराणिक स्थली शुकदेव तीर्थ में पवित्र गंगा की धारा को जोड़ने के लिए इस तीर्थ को महाभारत सर्किट में जोड़ने का अनुरोध किया।

स्थानीय संतों एवं आम जनमानस की ओर से लम्बे समय से शुकदेव तीर्थ में गंगा की धारा को लाये जाने की मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस पर स्वीकृति प्रदान करते हुए अधिकारियों से तुरन्त कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वह स्वयं शुकदेव तीर्थ जाकर इस कार्य का शिलान्यास करेंगे। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल के साथ, राज्यमंत्री बृजेश कुमार, कैराना सांसद प्रदीप गुर्जर, विधायक राजीव गुम्बर, विधायक रामपुर मनिहारन देवेन्द्र, विधायक गंगोह किरत सिंह और विधायक मुकेश चौधरी ने मुख्यमंत्री से भेंट की।

## न्यूज झरोखा

### 59 रनों से मेरठ ने जीता फाइनल महिला मैच, मैन आफ द मैच ऋतु सिंह बनीं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य स्तरीय महिला मैच का फाइनल जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में बनारस और मेरठ के बीच खेला गया। मेरठ ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवर में 131 रन बनाए। मेरठ की बल्लेबाज रिया भाटी ने 21 गेंद में 25 रन और ऋतु सिंह 22 गेंद में 23 रन बनाये। बनारस के गेंदबाज अंशी ने चार ओवर में 19 रन व तीन विकेट लिए। स्वाति ने चार ओवर में 12 रन व एक विकट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस के बल्लेबाजों ने खास प्रदर्शन न कर 72 रनो में ऑलआउट हो गई। बनारस की ओर से सर्वाधिक रन आरती ने 19 व काजल 19 रन बना सकी। फाइनल मैच को मेरठ ने 59 रनो से जीत लिया। महिला मैच के फाइनल के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन/मुख्य अतिथि डॉ भरत पाठक ने मैच का शुभारंभ कराया। विशिष्ट अतिथि के बतौर नंदिता पाठक ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भरत अभियान, महिला मैच के प्रायोजक मोशू खान, अनिल पीडब्ल्यूडी, सर्वजीत सिंह आदि ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच शुरू कराया। आज के मैच के एंपायर लोकेश ठाकुर व आनन्द पटेल रहे। स्कोरर सौरभ नाहर, कॉमेंटेटर किशन बरार, नागराज करवरिया, दीपांशु रैकवार, समसुद्दीन खान, प्रेम नारायण, कमलेश परिहार, सिराज खान, इरफान खान आदि मौजूद रहे। मीडिया मैनेजर नागेंद्र सिंह मिश्रा ने बताया कि महिला मैच बनारस और अलीगढ़ के बीच आज खेला जाएगा।

### तीन चोरों को दबोचकर पुलिस ने किया माल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर व सरधुआ पुलिस ने संयुक्त अभियान में चोरी का खुलासा कर तीन लोगों को दबोचा है।



सोमवार को राजापुर थाने में दर्ज चोरी के मामले के वांछित मो अदनान पुत्र बजाहर अली उर्फ गुलाम निवासी कोट थाना खखरेरु फतेहपुर, अली हसन पुत्र बबलू खां, रमजान अली पुत्र मुस्तफा निवासी बेहनन पुरवा सुरवल थाना सरधुआ के कब्जे से चोरी की दो भैंस व दो तमंचे तथा चार कारतूस समेत गिरफ्तार किया। अवैध तमंचा व कारतूस के मामले को दर्ज किया। अदनान व अली हसन के खिलाफ राजापुर व खखरेरु थाने में तकरीबन आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

चोरों को दबोचने वाली टीम में राजापुर थाने के दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही मोनू राय, शुभम त्रिपाठी, सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा व सिपाही धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे। इसी क्रम में बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने दरोगा प्रभुनाथ यादव के साथ प्रकाश कुशवाहा पुत्र दिलीप निवासी पनहाई मजरा सेमराहाल पता रेलवे स्टेशन के पास कोलमजरा के कब्जे से तीन किलो गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है।

### गोसाकुतुब क्रिकेट टूनार्मेंट की हुई शुरूआत क्षेत्र और बाहरी टीमें भी मैच में लेती है हिस्सा, जिला पंचायत सदस्य अंकित मौर्या, मोनू सिंह युवा नेता, अनूप सिंह व गोसा ग्राम प्रधान बने आयोजक

**अखंड भारत संदेश**

**बांगरमऊ उन्नाव ।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोसा कुतुब में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने निर्धारित समय से टूनामेंट की



शुरूआत हुई। ग्राम सभा में ग्राम प्रधान, अरुणेंद्र पटेल, और कई युवा बने हैं आयोजक। यहां पर क्षेत्र की किक्रेट खेलने वाली टीमों के साथ काफी दूर दराज तक की टीमें आती हैं। इस खेल प्रतियोगिता की शुरूआत जिला पंचायत सदस्य अंकित मौर्या ने मोनू सिंह को गेंद डालकर की इम्पायर का काम अनूप सिंह ने किया। क्रिकेट टूनामेंट की शुरूआत में 5 टीमों ने अपनी एंट्री कराई है। और उनको मोबाइल के द्वारा सूचित कर बताया जाएगा कि उनका मैच कब और किस टीम के साथ होगा। जैसे जैसे आयोजन आगे बढ़ेगा तो और भी टूनामेंट में एक से एक बढ़कर खिलाड़ी देखने को मिलेंगे। इस टूनामेंट में लगातार 3 छक्का मारने वाले खिलाड़ी को आयोजकों के द्वारा 500 रुपए से पुरस्कृत किया जाता है। और विकेट की हैट्रिक पल 1000 रुपए बालर को ईनाम दिया जाता है। फाइनल में जीतने और हारने वाली टीमों को काफी बडी धनराशि दी जाती है। ताकि युवाओं में खेल खेलने की प्रबल इच्छा और उनके हौसले को बढ़ाया जा सके।

# ब्राजील की संसद में बोलसोनारो समर्थकों के उत्पात से पीएम मोदी चिंतित, बाइडन ने कहा 'अपमानजनक'

**ब्रासीलिया।** ब्राजील की संसद, राष्ट्रपति भवन व सुप्रीम कोर्ट में पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो समर्थकों के उत्पात और तोड़-फोड़ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर चिंता जताई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि ब्रासीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे और तोड़-फोड़ की खबरों से बेहद चिंतित हूं। पीएम मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं का सभी को सम्मान करना चाहिए। हम ब्राजील के अधिकारियों को अपना पूरा समर्थन देते हैं।

**बाइडन ने कहा- अपमानजनक स्थिति**

ब्राजील की इस घटना पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ब्राजील में धुर दक्षिणपंथी पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के समर्थकों द्वारा देश की कांग्रेस, राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट पर हमला करने के बाद स्थिति अपमानजनक थी। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रवति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ब्राजील में लोकतंत्र को कमजोर करने के किसी भी प्रयास की निंदा करता है। राष्ट्रपति बाइडन स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और ब्राजील के लोकतांत्रिक संस्थानों के लिए हमारा समर्थन अटूट है।

**संसद-राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट में घुसे प्रदर्शनकारी**

गौरतलब है कि रविवार को लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के विरोध में प्रदर्शनकारी पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ते हुए कांग्रेस (संसद भवन), राष्ट्रपति भवन



और सुप्रीम कोर्ट में घुस गए। इन प्रदर्शनकारियों ने हरे और पीले झंडे के कपड़े पहने थे। इनमें से एक समूह के लोग सदन अध्यक्ष की कुर्सी पर चढ़ गए और वहां उसके आसपास जमा हो गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि प्रदर्शनकारी स्पीकर के डायस पर चढ़कर माइक से छेड़छाड़ कर रहे हैं। एक वीडियो में बाहर भीड़ को एक पुलिसकर्मी को उसके घोड़े से खींचकर जमीन पर गिराते हुए दिखाया गया है। प्रदर्शनकारियों से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें दंगाइयों को कांग्रेस भवन में प्रवेश करते के साथ दरवाजे और खिड़कियां तोड़ते हुए दिखाया जा रहा। वीडियों में दिख रहा है वह एक साथ अंदर आते हैं और सांसदों के कार्यालयों को तोड़ते हैं। साथ ही उन्होंने एक बैनर को फहराने की कोशिश की।

**बोलसोनारो ने आरोपों को किया खारिज**

बोलसोनारो ने सरकारी इमारतों पर हमले के लिए समर्थकों को भड़काने के ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के आरोपों को भी खारिज कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्वीट में लिखा, ÷मैं अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करता हूं, जो कि ब्राजील के मौजूदा प्रमुख ने मेरे ऊपर बिना किसी सबूत के लगा दिए हैं।' गौरतलब है कि बोलसोनारो को ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में पिछले महीने ही हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वे अमेरिका के फ्लोरिडा चले गए थे। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा,'कानून के दायरे में शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा हैं। हालांकि, सरकारी इमारतों में घुसपैठ और कब्जे की कोशिश, जैसा की आज, 2013 और 2017 में लेफ्ट सरकार के राज में हुआ, वह कानून का उल्लंघन है।' उन्होंने कहा, 'मेरे शासन में मैंने हमेशा संविधान की चार रेखाओं के अंतर्गत ही काम किया है। यह रेखाएं थीं- कानून का सम्मान और उनका बचाव, लोकतंत्र, पारदर्शिता और हमारी पवित्र आजादी।'

## सेनेगल में बस दुर्घटना में 40 लोगों की मौत, 78 घायल



**डकार।** सेनेगल में एक भीषण बस दुर्घटना में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और करीब 78 अन्य घायल हो गए।

राष्ट्रपति मैकी सॉल ने रविवार को एक ट्वीट में बताया कि यह हादसा कैफरीन क्षेत्र के गनीवी गांव में तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुआ। उन्होंने कहा कि मैं गनीवी में आज हुए सड़क हादसे से बहुत दुखी हूं, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

उन्होंने तीन दिनों के शोक की घोषणा की और कहा कि वह सडक़ सुरक्षा उपायों पर चर्चा करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी परिषद का आयोजन करेंगे।

लोक अभियोजक शेख डिएंग ने कहा कि यह दुर्घटना राष्ट्रीय सड़क संख्या एक पर हुई, जब एक सार्वजनिक बस का टायर पंक्चर हो गया और उक्त वाहन विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बस से टकरा गया। उन्होंने कहा कि कम से कम 78 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। सोशल मीडिया पर आई दुर्घटना की तस्वीरों में एकदूसरे से टकराई क्षतिग्रस्त बसें और सडक़ के किनारे मलबा दिखा। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सडक़ों, खराब कारों और चालकों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने के कारण पश्चिम अफ्रीकी देश में नियमित रूप से मोटर दुर्घटनाएं होती हैं।

# जर्मनी में केमिकल हमले की साजिश के संदेह में ईरानी नागरिक गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी में एक ईरानी नागरिक को घातक केमिकल (रसायन) के हमले की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस और अभियोजकों ने कहा कि रतड़के 32 वर्षीय एक व्यक्ति सहित दो लोगों को कैस्ट्रोप-रॉक्सेल शहर में हिरासत में लिया गया। उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस व्यक्ति पर इस्लामी चरमपंथ से प्रेरित होकर एक गंभीर हमले की साजिश रचने का संदेह है। उन्होंने कहा कि रासायनिक हमले के लिए उसने कथित तौर पर साइनाइड और रायसिन प्राप्त किया था। रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञों ने संदिग्ध के घर से सबूत एकत्र किए। परिसर की प्रारंभिक तलाशी में कोई जहरीला पदार्थ नहीं मिला। इसका खुलासा नहीं हुआ कि हमले की साजिश कितनी आगे बढ़ चुकी थी। डीपीए ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारी हर्बर्ट रील के हवाले से कहा कि अधिकारियों को एक गंभीर सूचना मिली थी जिसके कारण पुलिस को उसी रात हस्तक्षेप करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक जर्मन अधिकारियों को एक सहायक खुफिया एजेंसी से रासायनिक हमले की कथित योजना के बारे में जानकारी मिली थी। डीपीए ने एक अज्ञात जर्मन सुरक्षा अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि इस बात का कोई संकेत नहीं था कि संदिग्ध ने ईरान की ओर से काम किया था, बल्कि उसने कथित तौर पर एक सुन्नी चरमपंथी समूह का समर्थन किया था। सुन्नी ईरान में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय है।

## यमन में हूती विद्रोहियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण संघर्ष, 13 सैनिकों की मौत



**सना।** यमन के मध्यवर्ती प्रांत मारिब में सरकारी सुरक्षा बलों और हूती विद्रोहियों के बीच भारी संघर्ष में 13 सैनिकों की मौत हो गई। एक सैन्य सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र के मुताबिक अल-जुबाह के दक्षिणी जिले की सीमा पर शुरू हुई लड़ाई में कई सैनिक घायल भी हुए हैं। हूती विद्रोहियों के समूहों के रात को तीन दिशाओं से सुरक्षा बलों के ठिकानों की ओर बढ़ने के बाद संघर्ष शुरू हुआ। लड़ाई करीब आठ घंटे तक चली। सैन्य सूत्र के मुताबिक इस लड़ाई में भारी मशीनगनों, रॉकेटों और तोपों का इस्तेमाल किया गया। इस संघर्ष में कितने हूती विद्रोही हताहत हुए हैं, इसका अनुमान लगाया जा रहा है। मारिब तेल संपदा और प्राकृतिक गैस संपन्न प्रांत है। इस क्षेत्र पर हूती विद्रोही लंबे समय से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। अक्टूबर 2022 में छह महीने के राष्ट्रव्यापी युद्धविराम की अवधि समाप्त होने के बाद यहां संघर्ष तेज हुआ है।

## ट्यूनीशिया ने 305 प्रवासियों को समुद्र में डूबने से बचाया

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के नौसैनिक गार्डों ने शनिवार देररात अवैध रूप से इटली जा रहे 305 प्रवासियों को समुद्र में डूबने से बचा लिया। यह लोग नावों में सवार थे। इनकी नावें समुद्र की लहरों



की चपेट में आ गई थीं। यह जानकारी नेशनल गार्ड के प्रवक्ता हाउसेमेद्दीन जब्बाली ने दी। नेशनल गार्ड के प्रवक्ता हाउसेमेद्दीन जब्बाली ने कहा कि नौसैनिक गार्डों ने उप सहारा अफ्रीका के अवैध प्रवासियों के भूमध्य सागर पार करने के आठ प्रयासों को विफल कर दिया है। इससे पहले ट्यूनीशिया ने 28 दिसंबर को भूमध्य सागर पार करके इतालवी तट की ओर 216 अवैध प्रवासियों के 11 प्रयासों को विफल कर दिया था। इनको ट्यूनीशियाई तटों पर गार्डों ने रोक लिया था। पिछले साल 37 हजार से ज्यादा ट्यूनीशियाई अवैध प्रवासियों को पकड़ा गया।

# चटगांव में नया बंदरगाह बनाने में अडानी की मदद चाहता है बांग्लादेश

**चटगांव।** बांग्लादेश चटगाँव में प्रस्तावित बंदरगाह के निर्माण में भारत के मशहूर औद्योगिक समूह अडानी की मदद चाहता है। यह बंदरगाह बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विकास में मदद करेगा। दुबई पोर्ट, सिंगापुर पोर्ट पहले ही प्रस्तावित पोर्ट में शामिल होने के लिए रुचि दिखा चुके हैं। यह बात बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री डॉ. हसन महमूद ने भारत से राजकीय यात्रा पर आए पत्रकारों से कहीं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने भारत में किसी निवेशक से बात की है, उन्होंने कहा, 'हमने अडानी को एक प्रस्ताव दिया है। लेकिन उन्होंने अभी तक कुछ नहीं कहा है। हालांकि, प्रस्तावित बंदरगाह से



70 किमी दूर मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने के लिए भारत करीब एक हजार एकड़ जमीन लेगा। जापान ने भी परियोजना में इतनी ही जमीन लेने का वादा किया है।

चटगांव बंदरगाह करीब 700 साल पुराना है। इस पर टिप्पणी करते हुए हसन महमूद ने कहा, सिपाही विद्रोह के बाद यह बंदरगाह अंग्रेजों के ध्यान में आया। कभी असम रेलवे का मुख्यालय चटगाँव में था। उत्तर पूर्व भारत में व्यापार बढ़ने की संभावना के कारण अंग्रेजों ने वहां एक बंदरगाह बनाने का विचार किया। अब यह बंदरगाह बांग्लादेश की जीवन रेखा है। देश का कम से कम 90 प्रतिशत व्यापार चटगाँव बंदरगाह के माध्यम से होता है।

वर्तमान बंदरगाह से 10 किमी की दूरी पर एक नया बंदरगाह बनाया जा रहा है। मौजूदा बंदरगाह की गहराई करीब साढ़े नौ मीटर है, नए बंदरगाह की गहराई करीब 12 मीटर है। डॉ. हसन महमूद ने कहा, मौजूदा पोर्ट की तुलना में नए पोर्ट का बिजनेस वॉल्यूम कम से कम दोगुना होगा। त्रिपुरा को ज्यादा फायदा होगा क्योंकि वे पहले ही 'कंटेनर डिपो' बना चुके हैं। लगभग 70 किमी की दूरी पर एक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाया जाएगा। क्षेत्रफल 35 हजार एकड़ जैसा होगा। भारत ने वहां जमीन में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, डॉ. हसन महमूद चटगांव में प्रस्तावित बंदरगाह के लिए आवश्यक लागत और समय का अनुमान नहीं दे सके। उन्होंने कहा, इसे चरणबद्ध किया जाएगा। पहले चरण को पूरा करने में अभी दो साल और लगेंगे। अब जमीन भराई का काम चल रहा है। संयोग से, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हाल ही में बांग्लादेश के दक्षिण में पायरा सागर बंदरगाह की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। सूत्रों के अनुसार इन परियोजनाओं की कुल लागत 11 हजार 72 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह सब बांग्लादेश के रिजर्व मनी से बनाए गए फंड से आवंटित किया जा रहा है। इस फंड का नाम है बांग्लादेश इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड।

हसन ने कहा, विदेशी फाइनेंसिंग से काफी परेशानी होती है। इसलिए रिजर्व मनी से इस पोर्ट का काम शुरू किया जा रहा है। इससे घरेलू पैसा घर में ही रहेगा। परियोजना के अधिकारियों के मुताबिक, इस साल के अंत तक परियोजना पूरी होने की उम्मीद है और इसके परिणामस्वरूप बंदरगाह की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

## कोरोना महामारीः चीन में हालात बेहद खराब, हेनान प्रांत के 90 फीसदी लोग हुए संक्रमित

**बीजिंग।** चीन में कोरोना महामारी से हालात बेहद खराब हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के जनसंख्या के मामले में तीसरे सबसे बड़े प्रांत हेनान में 90 फीसदी लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। सेंट्रल हेनान प्रांत के डायरेक्टर ऑफ हेल्थ कमीशन कान कुआनचेंग ने बताया कि 6 जनवरी 2023 तक उनके राज्य की 89.0 फीसदी जनता कोरोना की चपेट में आ चुकी है। चीन के हेनान प्रांत की जनसंख्या करीब 99 मिलियन है।

ऐसे में आंकड़ों की बात करें तो 99 मिलियन में से 88 मिलियन लोग अभी तक कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। कान कुआनचेंग ने बताया कि दिसंबर के मध्य में अस्पताल जाने वाले लोगों की संख्या चरम पर थी लेकिन उसके बाद से इसमें थोड़ी कमी आई है। हालात इस कदर खराब होने के बावजूद चीन कोरोना के आंकड़े दुनिया से छुपाने में जुटा है। दरअसल चीन ने डॉक्टरों को एडवाइजरी जारी कर निर्देश दिए हैं कि वह मरीजों की मौत का प्राथमिक कारण कोरोना को रिपोर्ट ना करें। कथित



तौर पर चीन में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। एक तरह चीन में कोरोना तबाही मचा रहा है, वहीं दूसरी तरफ चीन की सरकार कोरोना पाबंदियों को खत्म करती जा रही है। बता दें कि चीन ने रविवार से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्वारंटाइन की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। चीन ने अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को फिर से खोल दिया है। बता दें कि कोरोना महामारी की शुरुआत में चीन ने सख्त पाबंदियां लगा दी थी, जिसके चलते चीन के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। इस महीने के अंत में चीन में लूनार न्यू ईयर का त्यौहार मनाया जाएगा। ऐसे में करोड़ों की संख्या में चीन के लोग एक शहर से दूसरे शहरों में स्थित अपने घरों की तरफ यात्रा करेंगे। ऐसे में चीन में कोरोना के मामले और बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है।

## भारत से मधुर संबंध कायम कर बांग्लादेश की छवि बदल रही हैं शेख हसीना : हसन महमूद

कोलकाता। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है तो दूसरी ओर शेख हसीना भारत के साथ मधुर संबंध बनाकर बांग्लादेश की छवि बदल रही हैं। कवि जसीमुद्दीन की कविताओं में झोपड़ियों वाला बांग्लादेश बीते दिनों की बात हो गई। उक्त टिप्पणी बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री और स्थानीय सांसद डॉ. हसन महमूद ने की। डॉ. महमूद शाम चटगांव प्रेस क्लब में भारत से आये पत्रकारों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विभिन्न क्षेत्रों में विकास के मामलों में बांग्लादेश कैसे बदल रहा है, इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 12-14 साल पहले बांग्लादेश छोड़ कर दूसरे देश में जाने वाले लोग अब जब लौटते हैं तो यहां विकास देख कर भरोसा नहीं कर पाते। बांग्लादेश एक छोटा-सा देश है, लेकिन यह सब्जी उत्पादन में दुनिया में चौथे नंबर पर है। मछली पालन और चावल उत्पादन में दुनिया में तीसरे नंबर पर है। हम हर मुश्किल परिस्थिति को पार करते हुए लगातार विकास की राह



पर हैं लेकिन विपक्ष हो यह दिखाई नहीं देता। डॉ. हसन महमूद ने कहा, शेख मुजीब के समय में बांग्लादेश की जीडीपी ग्रोथ रेट करीब 9.45 फीसदी थी, अब 8.1 प्रतिशत है। अगर यह दर उस समान बनी रहती तो बांग्लादेश सिंगापुर जैसा हो जाता। हालांकि, विभिन्न दूरगामी योजनाओं के माध्यम से बांग्लादेश के भविष्य को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। चटगांव प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित समिति के पदाधिकारियों ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री की उपस्थिति में कलकत्ता और असम से पहुंचे भारतीय पत्रकारों को अतिथि के तौर पर सम्मानित भी किया गया। कोलकाता प्रेस क्लब के अध्यक्ष स्नेहाशीष सुर और सचिव किंशुक प्रमाणिक समारोह को संबोधित किया। ड

# नाइजीरिया में रेलवे स्टेशन पर बंदूकधारियों का धावा, 32 यात्रियों का अपहरण

**अबुजा।** पश्चिमी अफ्रीका के प्रमुख देश नाइजीरिया के दक्षिणी हिस्से पर स्थित ईदो प्रांत में बंदूकधारियों ने टॉम इकिमी रेलेव स्टेशन पर धावा बोलकर 32 यात्रियों को बंधक बनाकर अपहृत कर लिया। यह वारदात स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे हुई। यह लोग पड़ोसी डेल्टा राज्य के शहर वार्री जाने के लिए ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने दी।

यह रेलवे स्टेशन ईदो की राजधानी बेनिन सिटी से लगभग 111 किलोमीटर उत्तर पूर्व में है और अनम्बरा राज्य की सीमा के करीब है। पुलिस ने कहा कि हमले



में स्टेशन पर मौजूद कुछ लोगों को गोली भी लगी है। पुलिस के मुताबिक फिलहाल सेना और पुलिस के साथ-साथ सुरक्षा नेटवर्क के अधिकारी अपहरण किए गए लोगों को छुड़ाने की कोशिश में लगे हैं। बचाव अभियान भी चलाया जा रहा है।

नाइजीरियाई रेलवे कारपोरेशन ने अगली सूचना तक इस स्टेशन को बंद कर दिया है। कारपोरेशन ने इस घटना की निंदा की है। उल्लेखनीय है कि कारपोरेशन ने पिछले महीने राजधानी अबुजा को उत्तरी कदुना राज्य से जोड़ने वाली एक रेल सेवा को फिर से शुरू किया था। बंदूकधारियों ने इससे पहले रेल लाइन की पटरियों को उड़ा दिया था। दर्जनों यात्रियों का अपहरण कर लिया था और छह लोगों की हत्या कर दी थी।

## भारत में निवेश की व्यापक संभावनाए : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में अपनी विशाल घरेलू खपत, मांग और पारदर्शी अर्थव्यवस्था की वजह से निवेश की व्यापक संभावनाएं है। गोयल ने अमेरिका के न्यू जर्सी में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। अमेरिका के न्यू जर्सी में एक कार्यक्रम में गोयल ने सोमवार को भारत में निवेश के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत अवसरों से भरा हुआ देश है।

## वानूआतू द्वीप में भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी



**वेलिंग्टन।** प्रशांत सागर में वानूआतू द्वीप समूह पर 7.0 तीव्रता का भूकंप आया जिसके बाद आसपास के समुद्री क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी भूगर्भविज्ञान सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र पोर्ट ओलरी से करीब 23 किलोमीटर दूर 27 किलोमीटर की गहराई में था। पैसेफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने इस केंद्र के 300 किलोमीटर के दायरे में तटों पर सुनामी आने की चेतावनी जारी की है। वैसे फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। वानूआतू में करीब 2,80,000 लोग रहते हैं और वहां प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। इस द्वीप समूह में आधा दर्जन ज्वालामुखी सक्रिय हैं तथा नियमित चक्रवात एवं भूकंप आते रहते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।